Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 253 | रविवार, 14 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मिजोरम में पीएम मोदी ने विपक्ष पर साधा निशाना

# कहा- पूर्वोत्तर अब भारत का सबसे बड़ा विकास इंजन

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की राजधानी आइजोल से पूर्वोत्तर की तस्वीर बदलने वाली महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। नौ हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देते हुए केंद्र की पूर्ववर्ती सरकारों को निशाने पर लिया।

कहा कि वोट बैंक की राजनीति ने दशकों तक इस क्षेत्र को पिछड़ा बनाकर रखा, लेकिन अब यह इलाका भारत का विकास इंजन बन गया है। पीएम ने अपने भाषण में मिजोरम समेत समग्र पूर्वोत्तर की राजनीतिक उपेक्षा, वर्तमान परिवर्तन एवं राष्ट्रीय विकास में भूमिका का विशेष तौर पर उल्लेख किया। भारी बारिश की वजह से प्रधानमंत्री सभास्थल तक नहीं जा सके। उन्होंने लेंगपुई हवाई अड्डे से ही वर्चुअल तरीके से सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने सबसे पहले कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों पर सीधा हमला बोला। प्रधानमंत्री ने मिजोरम को भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच पुल की तरह बताया और कहा कि यह राज्य न केवल पूर्वोत्तर के विकास में, बल्कि पूरे भारत की विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बड़ी भूमिका निभाने वाला है। 8,070 करोड़ रुपये की बैराबी-सायरंग रेल लाइन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आइजोल रेल मानचित्र पर आ गया है। मिजोरम अब सीधे बंगाल की खाड़ी और एशियाई बाजारों से जुड़ेगा। पीएम ने अपने भाषण में जीएसटी सुधारों का खास जिक्र करते हुए कहा कि सरकार की नीतियां अब जीवन को आसान बना रही हैं। दावा किया कि नई दरों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी। वोकल फॉर लोकल के तहत मिजोरम के बांस, अदरक, हल्दी और केले जैसे उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की दिशा में उठाए कदमों की चर्चा की। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने जनजातीय युवाओं की शिक्षा के लिए 11 एकलव्य मॉडल स्कूलों के अलावा छह नए स्कूलों की घोषणा की।



### विपक्ष पर जमकर बोला हमला

नाम लिए बगैर कहा कि पहले जिन राजनीतिक दलों ने सिर्फ वोट बैंक के हिसाब से योजनाएं बनाई, उन्होंने मिजोरम समेत पूरे पूर्वोत्तर को उपेक्षित रखा। जबकि भाजपा सरकार का दृष्टिकोण समावेशी है। राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक सुधार, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और सामाजिक उत्थान के प्रयासों को मोदी ने पूर्वोत्तर से जोड़कर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय सेनाओं ने आतंक के प्रायोजकों को सबक सिखाया और इस अभियान में मेड-इन-इंडिया हथियारों ने बड़ी भूमिका निभाई। संदेश साफ था कि आत्मनिर्भर भारत की औद्योगिक और आर्थिक ताकत अब राष्ट्रीय सुरक्षा की गारंटी भी बन रही है।

## मुरैना पहुंचे सिंधिया का हजारों लोगों ने किया भव्य स्वागत, पूरा शहर उत्सव में डूबा

**ग्वालियर/भोपाल।**

केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के शनिवार को मुरैना आगमन पर हजारों नागरिकों और कार्यकताओं ने अभूतपूर्व स्वागत किया। जगह-जगह पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों की थाप और गगनभेदी नारों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। सिंधिया ने जनता के इस अपार स्नेह और आशीर्वाद को अपनी सबसे बड़ी शक्ति और सेवा का संकल्प बताते हुए कहा कि यह प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी है। मुरैना प्रवास के दौरान सिंधिया ने प्रधान डाकघर में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (ढडढरङ) का शुभारंभ किया और सुकन्या समृद्धि योजना के विस्तार की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बेटियाँ समाज को गढ़ने का कार्य करती हैं और यह योजना केवल बैंक खाता नहीं, बल्कि माता का आत्मविश्वास, पिता का गर्व और पूरे समाज का भरोसा है। साथ ही उन्होंने विश्वास दिलाया कि नवनिर्मित पासपोर्ट सेवा केन्द्र से क्षेत्र के युवाओं और नागरिकों को न केवल सहूलियत, बल्कि अवसर भी प्राप्त होंगे। सिंधिया ने मुरैना स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बैठक की।



## एम्स में मरीजों और तीमारदारों को रास्ता दिखाने के लिए दिशा एप लॉन्च

**नई दिल्ली।**

एम्स में उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को ओपीडी, लैब, फामेर्सी, सेंटर सहित दूसरे जगहों की खोज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए एम्स ने दिशा एप को तैयार किया गया। इसकी मदद से एम्स परिसर में एक जगह से दूसरी जगह जाने का रास्ता आसानी से खोजा जा सकेगा। दिलचस्प बात यह है कि इस स्वदेशी एप के इस्तेमाल के लिए इंटरनेट की भी जरूरत नहीं है। बेसमेंट पार्किंग से लेकर लिफ्ट में भी यह काम करेगी। इस इनडोर नेविगेशन मोबाइल ऐप को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लॉन्च किया। इसका इस्तेमाल अस्पताल के कर्मचारी और आगंतुक भी कर सकेंगे। यह पूरे अस्पताल परिसर के लिए काम करेगी। इसमें अस्पताल के 2डी मैप से रास्तों को खोजा जा सकेगा। इसके लिए एआई आधारित रूट और ऑप्टिमाइजेशन का इस्तेमाल किया गया। एम्स का मानना है कि अस्पताल परिसर बहुत बड़ा है। ऐसे में रास्तों को खोजने में मुश्किल होती है।




## एलन मस्क बोले- बेकाबू आव्रजन ब्रिटेन की पहचान के लिए खतरा



**नई दिल्ली।**


ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। दूसरे देशों से यहां आने वाले लोगों के खिलाफ रैलियां निकाली जा रही हैं। देश की राजनीति में दक्षिणपंथी विचारधारा रखने वाले टॉमी रॉबिन्सन की अगुवाई में सड़कों पर उतरे हजारों-लाखों की भीड़ ने आव्रजन पर चिंता का इजहार किया। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने भी कहा है कि बेकाबू तरीके से आ रहे लोगों की संख्या ब्रिटेन की मौजूदा पहचान के लिए घातक है। जानिए क्या है पूरा मामला ब्रिटेन के दक्षिणपंथी कार्यकर्ता टॉमी रॉबिन्सन की अगुवाई में शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को लंदन में हुई रैली में एक लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। पुलिस के मुताबिक, यह प्रदर्शन उस वक्त कुछ हद तक बेकाबू हो गया, जब उनके कुछ समर्थकों की पुलिस अधिकारियों से झड़प हो गई। अधिकारी दोनों गुटों को अलग करने की कोशिश कर रहे थे।

## गाजा सिटी पर इजरायली सेना के हमले में 48 लोगों की मौत, 14 एक ही परिवार के थे

**नई दिल्ली।** गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजरायली सेना ने गोलाबारी और बमबारी तेज कर दी है लेकिन आमने-सामने की लड़ाई के लिए सैनिक अभी शहर में नहीं घुसे हैं। ताजा हमलों के परिणामस्वरूप शनिवार को शहर में 48 लोग मारे गए। इनमें से 14 एक ही परिवार के हैं। इन्हें मिलाकर पूरी गाजा पट्टी में 65 लोग मारे गए हैं। गाजा सिटी फलस्तीनी क्षेत्र का सबसे बड़ा शहर है और 23 महीने से ज्यादा की लड़ाई में इजरायली सेना उस पर कब्जा नहीं कर पाई है। हमास के गढ़ गाजा सिटी में लाखों लोग मौजूद हैं। इजरायली सेना के तमाम प्रयास के बावजूद ये लोग शहर नहीं छोड़ रहे हैं। संकेत हैं कि बड़ी संख्या में इजरायली बंधक भी यहीं पर कैद हैं। हाल के दिनों ने इजरायल ने शहर के ऊंचे भवनों पर लगातार हमले कर उन्हें नष्ट किया है जिससे हमास के लड़ाके इजरायली सेना की गतिविधियों को न देख सकें और न ही वहां से निशाना लगा सकें। हमास ने आमजनों पर हमलों को इजरायल की आतंकी कार्रवाई और सुनियोजित युद्ध अपराध करार दिया है।



## 'किसी पार्टी ने मुझे नहीं लिखा', जेपीसी के बहिष्कार के बारे में बोले ओम बिरला



**नई दिल्ली।**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को स्पष्ट किया कि किसी भी राजनीतिक दल ने उन्हें तीन विधेयकों की समीक्षा के लिए संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के बहिष्कार के संबंध में कोई पत्र नहीं लिखा है।

केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए इन विधेयकों में गंभीर आपराधिक आरोपों के तहत 30 दिनों तक गिरफ्तार रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने का प्रविधान शामिल है। तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी) और आम आदमी पार्टी जैसी कम से कम चार पार्टियों ने समिति का हिस्सा न बनने की घोषणा की है, जबकि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर अभी तक अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। बिरला ने संवाददाताओं से कहा- "जेपीसी के मुद्दे पर किसी भी राजनीतिक दल ने मुझे लिखित में कोई सूचना नहीं दी है।" मानसून सत्र के अंतिम दिन गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए थे।

## भारत की सात और संपत्तियां यूनेस्को विरासत बनीं

**नई दिल्ली।** भारत की सात नई प्राकृतिक धरोहरों को यूनेस्को की विश्व धरोहर की टेंटेटिव लिस्ट (अस्थायी सूची) में शामिल किया गया है। इनमें महाराष्ट्र के पंचगनी और महाबलेश्वर के डेक्कन ट्रैप्स तथा आंध्र प्रदेश की तिरुमला पहाड़ियां प्रमुख हैं। इन सात स्थलों के जुड़ने के बाद भारत की कुल धरोहरों की संख्या 69 हो जाएगी। इनमें 49 सांस्कृतिक, 3 मिश्रित और 17 प्राकृतिक श्रेणी की धरोहरें शामिल हैं। यूनेस्को के स्थायी प्रतिनिधिमंडल भारत की इन जगहों के चयन पर बताया कि इन धरोहरों को सूची में शामिल किया जाना देश की समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## हिमाचल में फिर फटा बादल, स्थिति गंभीर

**शिमला।**

प्रदेश के बिलासपुर के नम्होल के गुतराहण पंचायत में शुक्रवार देर रात को बादल फटा जिसके कारण लोगों के खेतों में पानी के साथ मलबा आ गया और खेत बह गए जिसके कारण मक्की की फसल को नुकसान हुआ है। प्रदेश में अभी तक बादल फटने की 46 घटनाएं हो चुकी हैं। इसके साथ ही पालमपुर और हमीरपुर में भारी वर्षा हुई है। मंडी जिला के धर्मपुर के सपड़ी रोह गांव में भूस्खलन के कारण आठ घर खाली करवाए हैं। कुल्लू-मनाली के बीच बंद फोरलेन की बहाली का काम तेजी से चल रहा है और चार दिन में मार्ग बहाली की उम्मीद है। पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांगड़ा में बनोई के पास फिर मलबा गिरा, सुबह आवाजाही प्रभावित रही। प्रदेश में अभी तक 4467 करोड़ के नुकसान का आकलन किया गया है। 221 लोगों की बादल फटले, भूस्खलन, अचानक बाढ़ और अन्य कारणों से मौत हो चुकी है। प्रदेश में तीन राष्ट्रीय राज मार्ग सहित 558 सड़कें यातायात के लिए बंद है। इन्हें खोलने का काम जारी है। प्रदेश में रविवार तक भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। 237 ट्रांसफार्मरों के खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित है। 317 पेयजल योजनाएं अभी भी बंद है जिसके कारण पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।



## नौसेना को मिला साइलेंट 'किलर', उथले पानी में इस्तेमाल होगा स्वदेशी युद्धपोत

**कोलकाता।**

देश के अग्रणी युद्धपोत निमार्ता रक्षा पीएसयू गार्डनरीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड, कोलकाता रिकार्ड समय में एक के बाद एक अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोतों का निर्माण व आपूर्ति कर देश की समुद्री सुरक्षा में भारतीय नौसेना व तटरक्षक बल का हाथ लगातार मजबूत कर रहा है।

**18**
**जून को नौसेना में शामिल हुआ था आईएएनएस अनार्ला**

इसी क्रम में जीआरएसई ने भारतीय नौसेना के लिए तैयार किए जा रहे उथले पानी में इस्तेमाल होने वाले आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों (एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट) की श्रृंखला के दूसरे युद्धपोत 'आईएनएस एंड्रोथ' की शनिवार को आपूर्ति कर एक और उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। जीआरएसई द्वारा इस श्रृंखला के पहले युद्धपोत 'आईएनएस अनार्ला' की इस साल आठ मई को आपूर्ति की गई थी और 18 जून को वह नौसेना में शामिल हुआ था। इसके महज चार माह बाद ही दूसरे पोत की आपूर्ति कर दी गई है। जीआरएसई द्वारा एक बयान में इसकी इसकी जानकारी दी गई। भारतीय नौसेना की ओर से रियर एडमिरल रवनीश सेठ, सीएसओ (टेक), पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) द्वारा 'आइएनएस एंड्रोथ' को स्वीकार किया गया।

अधिकारी ने बताया कि लक्षद्वीप द्वीपसमूह में स्थित एंड्रोथ द्वीप के नाम पर इस पोत का नाम रखा गया है। इस पोत में जीआरएसई द्वारा ही निर्मित एक स्वदेशी 30 मिमी नेवल सरफेस गन (एनएसजी) लगाई गई है।



## संपादक की कलम से

# अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं

पश्चिम बंगाल की विधानसभा में संविधान, लोकतंत्र, गरिमा, मयार्दा को तार–तार किया गया। क्षोभ और शर्मिंदगी के कोई और शब्द हैं, तो उनका उल्लेख भी किया जा सकता है। यह न तो संघीय ढांचा है और न ही अभिव्यक्ति की आजादी है। हम जानते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समविचारक नहीं होंगी। जब वह लोकसभा सांसद थीं, तब ऐसा हुड़दंग मचाया था कि स्पीकर सोमनाथ चटर्जी पर बिल के टुकड़े–टुकड़े कर उछाल दिए थे। तब उन्होंने बंगाल में घुसपैठियों के मुद्दे पर अपना नकारात्मक आक्रोश, रोष व्यक्त किया था। आज भी वही मुद्दा है, लेकिन आज वह खुद मुख्यमंत्री हैं। आज राजनीति के कारण उनके सुर और रवैये बदल चुके हैं। आज ममता बनर्जी बांग्लादेशी घुसपैठियों की अवधारणा मानती ही नहीं। उन्होंने बांग्लाभाषी और प्रवासी बंगाली सरीखे नए शब्द गढ़ लिए हैं और केंद्र सरकार पर बंगालियों पर अत्याचार के आरोप मढ़ रही हैं। ममता बनर्जी ऐसी पहली मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने विधानसभा में चीख–चीख कर नारे लगाए हैं–मोदी चोर, वोट चोर, अमित शाह चोरङ्गभाजपा डकैतों, आतंकियों, अत्याचारियों की पार्टी है। यह दुखद ही नहीं, बेशर्मी और नालायकी है, दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक मुख्यमंत्री ने सदन में ही देश के प्रधानमंत्री को चोर, डकैत, अत्याचारी करार दिया है। अफसोस और विडंबना यह है कि ऐसे गालीबाज मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई संवैधानिक कार्रवाई नहीं की गई है और न ही हमें ऐसी कोई संभावना लगती है। क्या देश का प्रधानमंत्री ऐसा किरदार बना दिया गया है, जिसके खिलाफ तमाम मयार्दाओं और संवैधानिक आचरणों की हदें लांघी जा सकती हैं? क्या संविधान में ऐसे भी अनुच्छेद हैं, जिनके तहत प्रधानमंत्री को, कोई भी, किसी भी मौके पर, गालियां देकर अपमानित कर सकता है? यह निरंकुशता लोकतांत्रिक और संघीय भी नहीं है। वोट चोर कुछ हद तक राजनीतिक और चुनावी मुद्दा हो सकता है, लेकिन ये शब्द भी आपत्तिजनक और अश्लील हैं। अब चुनाव आयोग 10 सितंबर को सभी क्षेत्रीय मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ देश भर में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण को लेकर विमर्श करेगा। जाहिर है कि बिहार वाली प्रक्रिया बंगाल में भी हो सकती है, क्योंकि अप्रैल, 2026 के आसपास वहां विधानसभा चुनाव होने हैं। असम, तमिलनाडु, पांडिचेरी, केरल आदि राज्यों में भी 2026 में चुनाव हैं। कौन–कौन, मतदाता संशोधन की इस कवायद के मद्देनजर प्रधानमंत्री को चोर कहेगा? क्या इस संवैधानिक प्रक्रिया पर प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग को, ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस, चोर करार देते हुए विरोध प्रकट करेगी? बंगाल में हिंसक प्रदर्शन भी किए जाएंगे? एक राज्य में अराजकता फैलाने की बौनी राजनीति खेली जाएगी? बेशक सदनों की गरिमा और उनके चरित्र को इतना खंडित न किया जाए कि पक्ष और विपक्ष के निर्वाचित सदस्य हाथापाई करें, मारपीट तक की नौबत आ जाए और सदस्यों को जमीन पर ही चित पटकनी दे दी जाए। बंगाल की विधानसभा में यह सब कुछ हुआ। भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष को अस्पताल तक ले जाना पड़ा। नेता प्रतिपक्ष सुवेन्दु अधिकारी को भी मार्शलों के जरिए सदन से बाहर कर दिया गया। दुर्भाग्य है कि अब सभी स्तरों के सदनों में ऐसा ही माहौल देखने को मिलता है। अब सांसदों/विधायकों के निलंबन भी स्पीकर के नीर–क्षीर विवेक के उदाहरण नहीं रहे। सभापति अपने राजनीतिक दल से प्रभावित रहते हैं, लिहाजा फैसले तटस्थ नहीं माने जा सकते। यकीनन ये दृश्य लोकतंत्र और संविधान के सबसे कलंकित अपमान हैं।



ललित शर्मा
संपादक

मोनिका डागा

## हिंद देश की पहचान हिंदी

कविता



हिंद देश की पहचान हिंदी,
जहॉं बहती हैं गंगा कालिंदी,
एकता का संगीतमय नाद,
हिंदी जन जन का आह्लाद ।

उद्घोष प्रखरतम् जनवाणी,
सरलतम मधुरतम् ये वाणी,
हिंदी में होते हैं भाव झंकृत,
जननी हैं देव वाणी संस्कृत ।

अभिव्यक्ति ये हर रस की,
बोली है ये जन मानस की,
अखण्डता की अमृत धार,
भारतीय हिंदी से करें प्यार ।

एक सूत्र में जिसने पिरोया,
छंद, अलंकारों में भिगोया,
जिसने जोडी प्रान्तिय भाषा,
हिंदी मन में बसी अभिलाषा ।

शाब्दिक अभिव्यंजना लयबद्ध,
श्रृंखला वर्णों की भी क्रमबद्ध,
समन्वय देशज भाषाओं का,
एकता की परिभाषाओं का ।

हमारा ₹आनंद₹ हर्षित गान,
भारत की आन बान शान,
मन के उद्गारों का रस राग,
हिंदी है जीवन का अनुराग ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# उत्कृष्ट अभिव्यक्ति का माध्यम हिन्दी



डॉ. रीना रवि मालपानी
(कवयित्री एवं लेखिका)




भाषा की सर्वोत्तम उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम है हिन्दी। हिन्दी की सहजता, सरलता, सरसता अद्वितीय है। प्रत्येक भाषा अपने आप में निपुण है, परंतु शब्दों की सुंदरता से आलोकित एवं सुशोभित हिन्दी भाषा अप्रतिम है। यह सत्य है कि भाषा विहीन व्यक्ति कभी भी उन्नति के मार्ग पर अग्रसर नहीं हो सकता। भाषा ही हमारी उन्नति को पल्लवित, पुष्पित एवं चहुं ओर हमारे विकास को प्रसारित करती है। हिन्दी में विचारों के प्रवाह का अद्वितीय सौंदर्य विद्यमान है।

भाषा की अस्मिता का गौरव गुणगान है हिन्दी।

वेदनाओं एवं भावनाओं की यथार्थ अभिव्यक्ति है हिन्दी।

समस्त भाषाओं को कदमताल देती उन्नत स्वरूप है हिन्दी।

सूक्ष्म, अमूर्त और जटिल अनुभवों का सहज सम्प्रेषण है हिन्दी।

अंग्रेजी हमने सहर्ष नहीं अपनाई थी, वह तो अंग्रेजो द्वारा हम पर थोपी गई थी। आज भी हम उसी जंजीर के गुलाम बने हुए है। भाषा की गुलामी की जंजीरों और बेड़ियों को तोड़कर हमें एकमत होना होगा। हिन्दी की अनुभूति कितनी अनुपम है यह उसमें निहित शब्दों का चयन प्रदर्शित करता है। हिन्दी तो वह है जो नैतिकता को सहेजती है। निर्मल गंगा सा भाव एवं प्रवाह उत्पन्न करती है। साहित्य को शिरोधार्य बनाती है। कवियों की ललकार और भाषा की बयार से उन्नति के सोपान को छूती है। भारत माता के प्रति अतुलनीय प्यार के अनुपम स्वर में व्याप्त है हिन्दी। हिन्दी भाषा का अनोखा दर्पण है। हिन्दी में भावों को मुख से मन तक समर्पित करने की उत्कृष्टता है।

भाषा की धुरी पर स्वाभिमान का आविर्भाव है हिन्दी। जब भी साहित्य का सृजन किया जाता है तो हर पात्र को जीवंत बनाकर पाठक के समक्ष प्रस्तुत करती है हिन्दी। नए भारत में उन्नति और उत्थान के भाव को संवाहित करने का सामर्थ्य हिन्दी में ही है। यदि भाषा की होली के उत्सव को हिन्दी से सजाया जाए, औजपूर्ण हिन्दी के माधुर्य को मुख पर गुनगुनाया जाए, अलंकारों के रंगों से अभिव्यक्ति को नित-नवीन बनाया जाए और हिन्दी के प्रयोग से काव्य रचना के स्वर से हृदय को आलोकित किया जाए तो मन रूपी हृदय में उन्नति, उत्साह और उमंग के रंग को बिखरने का अनुपम सौन्दर्य हिन्दी में ही है। राष्ट्र की उन्नति में माँ की ममता के आशीर्वाद का रूप हिन्दी प्रकट करती है।

जीवन की समग्रता का अंकन है हिन्दी।

सांकेतिकता, प्रतिकात्मकता का उत्कृष्ट आयाम है हिन्दी।

मानवीय भावों का यथार्थ चित्रण है हिन्दी।

अभिनव मूल्यों के उद्घाटन की चेतना है हिन्दी।

वर्तमान समय में अंग्रेजी ही आधुनिकता का आधार मानी जा रही है। भावी पीढ़ी की दृष्टि में हिन्दी का महत्व न्यून है। कितनी बड़ी विडम्बना है इस देश और समाज की कि हम अपने पूर्वजों की धरोहर जो हमें अनायास और सहजता से मिली है उसे ठुकरा रहे है और अंग्रेजों द्वारा परोसी गई भाषा को ग्रहण कर उसका उन्नयन कर रहे है। भाषा हमारी संस्कृति की अस्मिता और धरोहर है। यह केवल संवाद का माध्यम ही नहीं अपितु विचारों, भावनाओं एवं संवेदनाओं का उद्वेग है। उन्नति के सोपान की ओर कदम बढ़ाते वक्त अंग्रेजी को भी सीखना चाहिए, परंतु हिन्दी के प्रति अपने प्रेम को भी जीवंत एवं निष्ठावान रखना होगा। भाषा के विभिन्न स्वरूपों में अंग्रेजी भी ज्ञान का ही एक रूप है, परंतु मातृ भाषा की कीमत पर हिन्दी को तुच्छ समझकर अंग्रेजी को आत्मसात करना उचित नहीं है। उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में प्रेम एवं स्नेह का सरल रूप हैं हिन्दी। हिन्दी अवधि, ब्रज, भोजपुरी इत्यादि सभी भाषाओं को समन्वय प्रदान करती है।

आज हमारे संस्कारों में अंग्रेजी घुल रही है। आज का युवा वर्ग अंग्रेजी में धारा प्रवाह होना ही अपनी उच्चता का मानक मान रहा है। वह मनोभावों की भाषा समझने में असमर्थ है। अंग्रेजी बोलना समाज में प्रतिष्ठा का प्रतीक बनती जा रही है। समाज में उन्नति के मापदंड हेतु अंग्रेजी बोलना चयनित किया जा रहा है। मातृ भाषा भारत वासियों के बीच हीनता का अनुभव कर रही है। यह हमारी भाषा की अस्मिता पर प्रश्न चिन्ह है। भाषा की दुर्बलता राष्ट्र की अभिव्यक्ति में न्यूनता को प्रदर्शित करती है। वह राष्ट्र की पहचान को क्षीण करती है। वैश्विक युग में सफलता के शीर्ष पर पहुँचते वक्त प्रत्येक भाषा को अपनाना होगा, पर हिन्दी के प्रति प्रेम में कृपणता परिलक्षित न करें। हिन्दी हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अद्वितीय संकलन है हमें इसे सहेजना होगा। आत्मविश्वास से एवं पूर्ण निष्ठावान होकर इसे आत्मसात करना होगा। यह आत्मा के स्वरों का बोध है। हिन्दी सांस्कृतिक स्वरूप का एक ओजस रूप है। हिन्दी तो सर्वगुण सम्पन्न भाषा का दर्पण है। यह भाषा राष्ट्र के प्रति समर्पण है। एक स्वर और एक नाद से हम भारत वासियों को हिन्दी भाषा में अभिव्यक्ति को स्वीकारना चाहिए।

कथ्य के अनुरूप रचना संकलन को पहचान देती है हिन्दी।

पात्रो-चरित्रों के उद्घाटन का सजीव रूप है हिन्दी।

संवाद एवं प्रसंगानुकूल रोचकता की जनक है हिन्दी।

डॉ. रीना कहती, भाषा के सौन्दर्य की अनुपम छटा बिखेरती है हिन्दी।

# नशा मुक्त भारत@2047-एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स और एनसीओआरडी की भूमिका-एक अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य



गोंदिया

भारत एक ऐसे युग से गुजर रहा है जहां विकास आधुनिकता और वैश्वीकरण की चुनौतियाँ समानांतर रूप से सामने खड़ी हैं। इनमें सबसे खतरनाक और जटिल समस्या मादक पदार्थों (ड्रग्स) की है। यह समस्या केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनियाँ के लिए एक गंभीरसंकट है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूंकि,ड्रग्स का अवैध कारोबार और उसका सेवन समाज की जड़ों को खोखला करता है, युवाओं की ऊर्जा को नष्ट करता है और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी गहरा असर डालता है। इसी पृष्ठभूमि में भारत ने नशा मुक्त भारत@2047 का लक्ष्य तय किया है, जो आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक एक ऐसे भारत की परिकल्पना करता है जहाँ मादक पदार्थों का अवैध कारोबार और सेवन पूरी तरह समाप्त हो सके। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटी एफ), एनसीओआरडी (नेशनल कोऑर्डिनेशन सेंटर ङ्क१ नकॉर्ड मैकेनिज्म) और नार्कोटिक्स कंट्रोलब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। ड्रग्स की समस्या केवल सामाजिक या स्वास्थ्य संबंधी नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से भी गहराई से जुड़ी है। ड्रग्स का पैसा आतंकी संगठनों और संगठित अपराध के लिए फंडिंग का प्रमुख स्रोत है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश के लिए यह खतरा और भी गंभीर है क्योंकि इसके पड़ोसी देशों में ड्रग्स उत्पादन और तस्करी का नेटवर्क सक्रिय है। गोल्डन ट्राएंगल और गोल्डन क्रिसेंट क्षेत्र से भारत में ड्रग्स की तस्करी लंबे समय से होती रही है। इसीलिए भारत की एंटी नार्कोटिक्स नीति में राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि आगामी 16-17 सितंबर 2025 को नई दिल्ली में एकऐतिहासिक सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसमें भारत के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुख, अन्य सरकारी विभागों के हितधारक तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह सम्मेलन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नशा मुक्त भारत @ 2047 के विजन को ठोस आधार प्रदान करेगा और आने वाले वर्षों के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करेगा। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन स्थापित एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटी एफ) को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मादक पदार्थों के खिलाफ एक संयुक्त तंत्र के रूप में गठित किया गया है। यह तंत्र आपूर्ति कम करने, मांग को नियंत्रित करने और नुकसान कम करने की नीति पर एक साथ काम करता है। एएनटीएफ का उद्देश्य केवल




कानून प्रवर्तन तक सीमित नहीं है बल्कि समाज में जागरूकता, शिक्षा और पुनर्वास को भी समान प्राथमिकता देना है। भारत के पीएम ने कई मौकों पर कहा है कि नशा समाज को खोखला कर देता है और राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है। इसी सोच को मूर्त रूप देने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री की अगुवाई में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।

साथियों बात अगर हम सम्मेलन का विषयः संयुक्त संकल्प, साझा जिम्मेदारी की करें तो इस द्वितीय राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय संयुक्त संकल्प, साझा जिम्मेदारी रखा गया है। यह विषय अपने आप में मादक पदार्थों की समस्या के समाधान का मूल मंत्र है। ड्रग्स की समस्या केवल एक विभाग या एजेंसी की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि पूरे समाज, सरकार और नागरिकों का सामूहिक दायित्व है। आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने के लिए पुलिस, सीमा सुरक्षा बल, तटरक्षक बल और कस्टम विभाग को मिलकर काम करना होगा। मांग कम करने के लिए शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और सामाजिक संगठन अहम भूमिका निभाएँगे। नुकसान कम करने के लिए पुनर्वास केंद्र, मनोवैज्ञानिक और चिकित्सक सक्रिय योगदान देंगे। इस प्रकार यह समस्या एक बहुआयामी दृष्टिकोण की मांग करती है जिसे केवल साझा जिम्मेदारी के सिद्धांत से ही सफल बनाया जा सकता है। साथियों बात अगर हम,2 दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में तकनीकी सत्रःआठ विशेष विमर्श की करें तो भविष्य का रोडमैप और नीति निर्धारण- 2047 तक नशा मुक्त भारत का विजन पूरा करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति पर मंथन होगा। ये आठ सत्र न केवल समस्या की गहराई को समझने का अवसर देंगे बल्कि समाधान की दिशा में ठोस कदम भी सुझाएँगे। (1)सम्मेलन के दौरान आठ तकनीकी सत्र (टेक्निकल सेशयंस) आयोजित किए जाएंगे। इनका उद्देश्य विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा और रणनीति बनाना है।(2)ड्रग्स आपूर्ति श्रृंखला की रोकथाम-इसमें अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क, सीमा पार तस्करी, डार्कनेट और क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से होने वाले कारोबार को रोकने की रणनीतियों पर चर्चा होगी। (3)ड्रग्स की मांग कम करने की रणनीति -शिक्षा, जागरूकता, युवाओं को खेल और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर विचार किया जाएगा (4)नुकसान कम करने के उपाय-नशा करने वालों के पुनर्वास, स्वास्थ्य सेवाओं और मानसिक उपचार की दिशा में कदमों पर चर्चा होगी। (5) राष्ट्रीय सुरक्षा और ड्रग्स का संबंध-ड्रग्स से होने वाली आतंकी फंडिंग, संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग के मुद्दों को संबोधित किया जाएगा। (6)कानून प्रवर्तन को सशक्त बनाना- पुलिस, एनसीबी और अन्य एजेंसियों के बीच समन्वय और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विमर्श होगा। (7) ड्रग्स और साइबर अपराध-डार्क वेब, सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग रोकने के लिए साइबर सुरक्षा उपायों पर चर्चा होगी। (8) अंतरराष्ट्रीय सहयोग-पड़ोसी देशों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सहयोग, सूचना साझा करने और संयुक्त अभियानों पर विचार होगा। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की वार्षिक रिपोर्ट-2024 जारी करेंगे। इस रिपोर्ट में बीते वर्ष में ड्रग्स की जब्ती, गिरफ़्तारियाँ, अवैध नेटवर्क का खुलासा और निवारक कदमों का विस्तृत विवरण होगा। साथ ही, श्री शाह ऑनलाइन ड्रग विनष्टीकरण अभियान (ड्रग डिस्पोजल कैंपेन) की शुरूआत करेंगे। यह अभियान एक अनोखी पहल होगी जिसमें जब्त किए गए मादक पदार्थों का निपटान पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुरक्षित तरीके से किया जाएगा। साथियों बात अगर हम, आपूर्ति, मांग और नुकसान कम करने की रणनीति तथा होल ऑफ द गवर्नमेंट अप्रोच की करें तोमादक पदार्थों की समस्या को तीन स्तरों पर समझा जाता है-(1)आपूर्ति कम करना-यानी ड्रग्स की तस्करी, उत्पादन और वितरण पर नियंत्रण।(2)मांग कम करना-यानी समाज में नशे की लत को रोकना और जागरूकता फैलाना(3) नुकसान कम करना-यानी नशे के शिकार लोगों का इलाज और पुनर्वास। भारत ने इन तीनों स्तरों पर रणनीतियाँ अपनाई हैं। सीमा पार निगरानी बढ़ाना, ड्रोन और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, कस्टम और पुलिस को मजबूत करना आपूर्ति रोकने की दिशा में अहम कदम हैं। मांग कम करने के लिए युवाओं में खेलकूद, योग, सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं नुकसान कम करने के लिए पुनर्वास केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाया जा रहा है। होल ऑफ द गवर्नमेंट अप्रोच-इस समस्या से निपटने के लिए केवल गृह मंत्रालय या एनसीबी पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए एक होल ऑफ द गवर्नमेंट एप्रोच की आवश्यकता है। यानी केंद्र और राज्य सरकारों के सभी विभाग-शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, सामाजिक न्याय, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त और विदेश मंत्रालय-सभी को मिलकर काम करना होगा। इसके साथ ही गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओस), नागरिक समाज और मीडिया की भी अहम भूमिका होगी।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर अनोखी हिंदी प्रदर्शनी का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर।** हिंदी दिवस के पूर्व दिवस पर पर गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, नूरपुर में एक विशेष हिंदी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने झांकियों और मॉडलों के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की तथा हिंदी व्याकरण को सरल और रोचक ढंग से समझाया।

यह पहल इसलिए की गई है। जिससे विद्यार्थियों में भाषा के प्रति गहरी समझ और रचनात्मकता को बढ़ावा मिले। प्रदर्शनी में बच्चों की उत्साही भागीदारी और उनकी नवाचारी सोच को अभिभावकों एवं अतिथियों ने खूब सराहा। प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं फाजिल, आरव, अब्दुल्ला, जितिन, दक्ष, जुबैरिया, फलक, वंशिका, साक्षी, सायमा, फाइजा, यशस्वी, पीहू, इशिका, रितिका, दीपांशी, भव्य, पर्व, प्रियल, चेतना, रीत, दीशु, अभिराम, नक्श, अक्ष, आयुष, अभिनव, काव्या, तनवी, कनक, अभय

प्रबंध निदेशक मन्दीप सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों की सराहना की और उन्हें निरंतर नवाचार करते रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीश शर्मा ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में न केवल भाषा के प्रति आत्मीयता बढ़ती है बल्कि वे हिंदी के महत्व को भी गहराई से समझ पाते हैं। यह आयोजन विद्यालय के हिंदी विभाग (अंशुल गोयल, शीतल त्यागी, अनीता एवं गुंजन) के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया। कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को भाषा, संस्कृति और नवाचार के प्रति प्रेरित किया जाएगा।



# सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित : निशांत कर्णवाल



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर।** नगर के सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर स्कुल मे मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल की अध्यक्षता मे भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक आयोजित हुई। मुख्य अतिथि भाजपा के जिला महामन्त्री त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी नरेश भाटी ने बताया 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाडा अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति तक सेवा पहुंचाना व प्रत्येक कार्यकर्ता को जनकल्याण से जोडना है। संचालन महामन्त्री वीरप्रकाश सिंह भुइयार ने किया।

बैठक मे ईशमपाल चौधरी, विवेक चौधरी पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनोद चौहान, धर्मेंद्र जोशी, उपाध्यक्ष जीतू भुईयार, हरभजन सिंह, महामन्त्री सुधीर चौहान, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह भुइयार, डॉ शीला राणा, कमलेश प्रजापति, शिवांगी ठाकुर, सरौता सिसोदिया, राजवीर सैनी राजू, उपाध्यक्ष प्रदीप राणा, राजेश चौहान, सतीश चौहान, प्रमोहन चौहान, हिमांशु घाघट आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

# सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** देवता महाविद्यालय मोरना के परिसर में मोरना मंडल भाजपा की एक सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। मोरना मंडल उपाध्यक्ष कवि कुमार ने भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी को फूलों का गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितंबर से गाँधी जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा द्वारा आयोजित कराए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सभी कार्यक्रमो को बूथ स्तर तक सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यशाला को डी सी एफ के सभापति पुष्पेंद्र शेखावत, धामपुर गन्ना समिति के सभापति मोहन सिंह, मोरना मंडल के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यशाला की अध्यक्षता मोरना मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी व संचालन मंडल महामंत्री नीरज शेखावत ने किया। कार्यशाला में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला को सफल बनाने में मंडल उपाध्यक्ष कवि सिसोदिया, विक्रम सिंह, जगपाल सिंह, करन यादव, विजय त्यागी, मंडल मंत्री निमित त्यागी, पंकज कुमार आदि का योगदान रहा।

# ऑनलाइन निकासी किये गये कुल 71,984/- रुपये थाना अहार पुलिस द्वारा अथक परिश्रम कर बैंक खाते में वापस करायें



बुलंदशहर आवेदक मौ0 कामरान पुत्र असगर अली निवासी ग्राम शफीनगर थाना अहार जनपद बुलन्दशहर द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर एक शिकायत की जिसमें वादी के फोन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक लिंक भेजा गया तथा लिंक पर क्लिक करने पर बैंक खाते में पैसे आने का झांसा देकर आवेदक के खाते से कुल 71984/– रूपयों की ऑनलाइन निकासी किये जाने के आरोप अंकित किये गये थे। जिसके संबंध में थाना अहार पर मुअसं– 118/24 धारा 420 भादवि व 66डी आईटी एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। थाना अहार साइबर हैल्प डेस्क द्वारा अथक परिश्रम करते हुए आवेदक के 71984/– रुपये वापस कराये गये। आवेदक द्वारा थाना अहार पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी।

# गांव हरगनपुर में कराए गए विकास कार्यों की जांच शुरू ग्रामीणों ने जांच टीम पर लगाए आरोप, जांच में की गई लीपापोती

वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर।** जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच टीम ने ग्राम पंचायत हरगनपुर में कराए गए विकास कार्यों और ठोस तरल कचरा प्रबंधन में शासकीय धनराशि का दुरूपयोग करने आदि के आरोपों की जांच की। शुक्रवार को गांव में पहुंची टीम में जिला समाज कल्याण अधिकारी बिजनौर जागेश्वर सिंह व अधिशासी अभियन्ता आर० ई० डी० बिजनौर अमरनाथ सिंह शामिल थे। टीम ने पंचायत भवन में ग्राम प्रधान विजयपाल सिंह, पंचायत सचिव शलवेंद्र सिंह और शिकायतकताओं सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच शुरू की। अधिकारियों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव से गांव में कराए गए विकास कार्य से संबंधित जानकारी ली। ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत हरगनपुर में कराए गए विकास कार्यों में अनियमिता और ठोस तरल कचरा प्रबंधन में शासकीय धनराशि का दुरूपयोग करने 14 बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच करने की जिलाधिकारी से की गई थी।



जिलाधिकारी द्वारा गठित की गई जांच टीम ने गांव में पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस दौरान टीम में शामिल अधिकारियों ने निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और विकास कार्यों की माप तोल भी की। ग्रामीणों ने जांच टीम पर ग्राम प्रधान से हमसाज होने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों का आरोप है कि जांच टीम में शामिल अधिकारियों द्वारा जांच के नाम पर खानापूर्ति की गई और विकास कार्यों की गुणवत्ता को परखने का काम नहीं किया गया। जबकि उनके गांव में कराए गए विकास कार्य में गड़बड़ झाला है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी महोदय से किसी अन्य विभाग के अधिकारियों से ग्राम में कराए गए विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। शिकायतकर्ता नरेश पाल सिंह का कहना है कि जब तक ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की पूरी तरह से निष्पक्ष जांच करा कर कार्रवाई नहीं की जाएगी, उनकी यह लडाई जारी रखेगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में की गई स्थलीय जांच के दौरान अधिशासी अभियन्ता आर० ई० डी० बिजनौर अमरनाथ सिंह की जांच भी संदेह में है। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच टीम में शामिल अधिकारियों ने उनकी कोई नहीं सुनी और ग्राम प्रधान के मुताबिक जांच कर खानापूर्ति करने का प्रयास किया है। उन्होंने जिलाधिकारी से जांच किसी और विभाग के अधिकारियों से करने की मांग की है। उधर जांच टीम में शामिल अधिकारियों ने जांच के बारे कुछ बताने से इंकार करते हुए कहा कि वह शिकायत की जाँच कर आख्या जिलाधिकारी को प्रेषित करेंगे। जांच के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी बिजनौर जागेश्वर सिंह, अधिशासी अभियन्ता, आर० ई० डी० बिजनौर अमरनाथ सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी शलवेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान और शिकायतकर्ता सहित अनेक ग्रामीण आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि विकास खण्ड कोतवाली की ग्राम पंचायत हरगनपुर निवासी नरेश पाल सिंह पुत्र महिपाल सिंह आदि ने ग्राम पंचायत में विकास/ निर्माण कार्यों की जाँच कराने, सी०सी० रोड़ व नाली निर्माण में घटिया सामग्री लगाने, ग्राम पंचायत में अपात्र लाभार्थियों के आवास स्वीकृत किये जाने एवं ग्राम पंचायत में ओ०डी०एफ० योजना, खुले में शौच मुक्त योजना और ठोस तरल कचरा प्रबन्धन में शासकीय धनराशि का दुरूपयोग करने आदि की शिकायत की थी।

# दुष्कर्म के अभियोग का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**रामपुर।** 07/09/2025 मुकदमा वादिनी की लिखित तहरीर बावत अभियुक्त रफेदीन पुत्र इखलास निवासी ग्राम मुतियापुरा थाना टांडा जिला रामपुर द्वारा वादिनी के साथ उसकी इच्छा के विरूद्ध बलात्कार करना तथा वादिनी के पति सरजीत द्वारा शिकायत करने पर अभियुक्त रफेदीन एवं उसके रिश्तेदार बबुला पुत्र वकील निवासी ग्राम मुतियापुरा थाना टाण्डा जनपद रामपुर द्वारा वादिनी के पति के साथ गाली गलोच व मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना टाण्डा पर मु0अ0सं0- 423/25 धारा 64(1), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस बनाम रफेदीन आदि 02 नफर उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। अभियोग उपरोक्त की विवेचनाक के क्रम में थाना टाण्डा, रामपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 13.09.2025 को मु0अ0सं0- 423/25 धारा 64(1),115(2),352,351(3) बीएनएस के नामित अभियुक्त रफेदीन पुत्र इकलास नि0 ग्राम मुतियापुरा थाना टांडा, रामपुर को खुशहालपुर तिराहा से बहला नदी पुल के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# विराट वृक्ष की सघन छांव है हिंदी



चंचल कटारिया शिक्षक, आर आर पब्लिक स्कूल नूरपुर

मुहम्मद इकबाल द्वारा लिखी गई यह पंक्तियां हिंदी भाषा पर सटीक बैठती है। क्योंकि हिंदी दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाने वाली भाषाओं में से एक है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने जन भाषा हिंदी को भारत की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया। तब से भारत में प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसीलिए यह दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। यह दिन हिंदी भाषा के गौरव और सम्मान के लिए मनाया जाता है। हिंदी हमारी पहचान है और इसे राजभाषा का दर्जा प्राप्त है हिंदी दिवस समय है याद दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है कि हिंदी विश्व की सबसे पुरानी भाषा में से एक है और प्रत्येक भारतीय को अपनी मातृभाषा में बोलने पर गर्व महसूस करना चाहिए। हिंदी की अहमियत का अंदाजा इससे पता चलता है कि आज हिंदी दुनिया में तीसरी सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है। भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के कई देशों में हिंदी बोली जाती है। हिंदी दुनिया की एकमात्र ऐसी भाषा है जो 'अ' अनपढ़ से शुरू होकर 'ज्ञ' से ज्ञानी पर समाप्त होती है। हिंदी भाषा वह नदी है जो साहित्य, संस्कृति और समाज को एक साथ बहा ले जाती है। आज भारत में डॉक्टर व इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी में होने लगी है। एमबीबीएस और बीटेक की किताबें हिंदी में आने लगी हैं। सोशल मीडिया पर हिंदी पढ़ने पर लिखने का उपयोग बढ़ता जा रहा है। डिजिटल युग में भी हिंदी का धारा दिनों दिन भरत जा रहा है। इंटरनेट पर हिंदी की धमक बढ़ती जा रही है। ई-कॉमर्स की दुनिया में भी अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग किया जाने लगा है। दर्शन कला, संस्कृति, फिल्म, टेलीविजन और संचार के तमाम इलाकों में उसका दायरा बढ़ रहा है। अदालती कार्यवाही व डॉक्टरों के पर्चे हिंदी में आने की बात हो रही है। अब समय आ गया है कि हमें अपनी हिंदी भाषा को रोजगार की भाषा बनाना होगा। आज रोजगार की दुनिया में अंग्रेजी का वर्चस्व है। आज हम सबको हिंदी में बोलने, पढ़ने और लिखने का संकल्प लेना चाहिए। कोई भी भाषा तभी बचती है जब शब्द बचते हैं, गढें जाते हैं, साहित्य रचा जाता है और ज्ञान का निर्माण होता है। देश को एकता के सूत्र में बांधने वाली हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि भावों की अभिव्यक्ति है। हिंदी भाषा हमारे देश की धरोहर है और हम सब भारतवासियों को इस पर गर्व होना चाहिए। इस हिंदी दिवस पर लिए हम सब मिलकर या प्रतिज्ञा ली कि हम सब मिलकर हिंदी का सम्मान करने के साथ ही इसे आगे बढ़ाएंगे और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी महत्ता को पहुंचाएंगे। हिंदी हमारी पहचान है और इसका सम्मान करना हम सबका कर्तव्य हैं। आओ मिलकर कसम ये खाएं। हिंदी भाषा का मान बढ़ाएं।

# बाइक से पेट्रोल पंप पर पहुंचे एसपी सिटी, बिना हेलमेट के लिया पेट्रोल

वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर बिजनौर एसपी सिटी संजीव बाजपेयी बाइक लेकर नो हेलमेट, नो पेट्रोल की हकीकत जानने निकले तो सब कुछ साफ हो गया। पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के ही दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल दिया जा रहा था। उन्होंने पेट्रोल पंप की सीसीटीवी फुटेज तलब की है।

शासन के आदेश हैं कि दुपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के बिना पेट्रोल न दिया जाए। शुक्रवार की शाम एसपी सिटी संजीव बाजपेयी टीएसआई रवि नैन के पीछे बाइक पर बैठकर चक्कर रोड पहुंचे बिजनौर में बाइक पर पीछे बैठकर बिना हेलमेट के तेल लेने पहुंचे एसपी सिटी। स्रोत : वीडियोग्रैब एसबीआई शाखा के पास स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचे। वहां उन्हें बिना हेलमेट के ही दुपहिया वाहन चालको को पेट्रोल लेते मिले।




उन्होंने खुद भी पंप संचालकों से तलब की सीसीटीवी फुटेज नो हेलमेट, नो फ्यूल का नहीं हो रहा पालन हेलमेट नहीं लगाया था। इसके बावजूद उनकी बाइक में पेट्रोल दे दिया गया। एएसपी सिटी ने पेट्रोल पंपों की सीसीटीवी फुटेज तलब की है। पेट्रोल पंप के संचालकों को नोटिस भी जारी किया जा रहा है। एसपी सिटी ने बताया कि सरकार का आदेश है कि बिना हेलमेट वालों को तेल नहीं देना है। इसके बाद भी सरकार के आदेशों को दरकिनार किए जाने की शिकायत मिल रही थी।

# इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह ने बच्चों को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए

वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद बढ़ता साइबर क्राइम, हमारी लापरवाही का परिणाम जागरुकता ही इससे बचाव -योगेन्द्र सिंह निरीक्षक अपराध आज वालिया ग्लोवल एकेडमी में नजीबाबाद थाने के इंस्पेक्टर श्री योगेन्द्र सिंह ने बच्चों को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। कार्यक्रम का प्रारम्भ नजीबाबाद थाने की पुलिस विभाग की निर्वेश ने कहा कि बहुत सारे अपराध नशे के कारण होते हैं। निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने कहा कि वाहन हमेशा धीरे चलाना चाहिए। तेज गति वाहन से दुर्घटना होने की सम्भावना रहती है। श्री योगेन्द्र सिंह ने साइबर क्राइम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साइबर क्राइम का मूल कारण मोवाइल में भेजी गई हमारी जानकारयो होती हैं। इसी का लाभ उठाकर साइबर ठग जनता को ठगते का काम करते हैं। हमारी जागरूकता ही इससे हमारा बचाव है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता सिवाच ने कहा कि छात्र/छात्राओं को मोबाइल पर अपनी कम से कम जानकारियाँ साझा करनी चाहिए। कालेज की हेड गर्ल दर्शिका चौहान और तनिष्का सिंह पुत्री चौधरी ईशम सिंह ने आए अतिथियों को सम्मान स्वरूप छात्र-छात्राओं द्वारा हस्त निर्मित धन्यवाद पत्र भेंट किया गया इस अवसर पर सभा की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता सिवाच एवं संचालन मा कुमुद कुमार ने किया मुख्य रूप से पुलिस विभाग से विजय कुमार कार्तिक हलधर, सकेत शर्मा, रश्मि अवस्थी, शुभम भारद्वाज, हार्दिक कुमार, दीपक कुमार, विनीत राणा, मनवीर सिंह, योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।




# फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़, मवाना में तीन गिरफ्तार

जाकिर तुर्क

**मेरठ।** साइबर फ्रॉड का बड़ा जाल मवाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने शनिवार को काट दिया। ईदगाह पुलिया के पास छापेमारी कर पुलिस ने फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज (सिम बॉक्स) चलाने वाले तीन शातिरों को दबोच लिया। इनके पास से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 200 से ज्यादा प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी अंतरराष्ट्रीय कॉल्स को लोकल नेटवर्क पर बदलकर न सिर्फ आम लोगों के साथ ठगी कर रहे थे बल्कि दूरसंचार कंपनियों को भी करोड़ों का चूना लगा रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में मोहल्ला कल्याण सिंह अटोरा रोड थाना मवाना निवासी आशिक (34) और इस्लाम (38) दोनों सगे भाई हैं। इनके साथ पड़ोसी गुफरान (36) भी शामिल था। तीनों ने मिलकर फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज का धंधा शुरू किया। 04 सिम बॉक्स, 200 से अधिक प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड, 1 लैपटॉप, 1 वाई-फाई राउटर, 1 मोबाइल फोन पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने अखबारों और यूट्यूब वीडियो से सिम बॉक्स फ्रॉड की जानकारी जुटाई थी। इसके बाद टेलीग्राम और व्हाट्सऐप ग्रुप्स से जुड़कर फर्जी सिम कार्ड और उपकरण हासिल किए। इन्हीं की मदद से वे कॉलर आईडी छिपाकर कॉल्स को लोकल नंबरों में बदल देते थे। पुलिस ने बताया कि ऐसे नेटवर्क देश की सुरक्षा और आम नागरिकों के लिए खतरा बनते हैं। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं, लोगों से अपील की गई है कि संदिग्ध कॉल या संदेश की तुरंत सूचना पुलिस को दें।



# अयोध्या के विद्यार्थियों ने देखा राजभवन की भव्यता ,जाना इतिहास

**वेलकम इंडिया फतेह खान**



**अयोध्या।** शिक्षा क्षेत्र रुदौली के सीबीएसई से सम्बद्ध एल.एस.डी.पी.पब्लिक स्कूल गौरियामऊ के विद्यार्थियों ने शनिवार को राजभवन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने राजभवन के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया, जिनमें लॉन, इमारत, गॉधी सभागार, राज्यपाल का कार्यालय, विशिष्ट आगन्तुक कक्ष, जन कक्ष, अन्नपूर्णा हॉल, उद्यान, गांधी दीर्घा, स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति और गौशाला शामिल हैं।विद्यार्थियों ने राजभवन के इतिहास की भी जानकारी प्राप्त की।

प्रधानाचार्य आदित्य प्रकाश पाठक ने बताया कि इस भ्रमण से विद्यार्थियों को न केवल राजभवन की भव्यता का अनुभव हुआ, बल्कि उन्हें प्रेरणा भी मिली। उन्होंने कहा कि राजभवन के अंदरूनी हिस्सों को देखकर विद्यार्थी बड़े सपने देखेंगे और भविष्य में कुछ बड़ा करने की प्रेरणा प्राप्त करेंगे।विद्यार्थियों ने बारादरी और नीलकमल तालाब को देखकर विशेष खुशी जाहिर की। साथ ही राजभवन की पुरानी एंटीक कलाकृतियां, कला केंद्र और अन्नपूर्णा भवन को देखकर भी विद्यार्थी उत्साहित दिखे ।इस भ्रमण मे 120 छात्र छात्राये व 15 शिक्षक शामिल रहे ।राज्यपाल महोदया के अति व्यस्त होने के कारण राज भवन के विशेष कार्यधिकारी गृहस्थ अधिष्ठान अनुराग सिंह यादव व निधि पाण्डेय राज परिवार नियंता ने बच्चो से भेंट की व अपनी शुभकामनायें दी ।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अनिल पाठक, उपप्रधानाचार्य आर. बी. सिंह, एकेडमिक इंचार्ज श्वेता चतुवेर्दी, शिक्षिका फर्जीन हुसैन, सुकन्या शुक्ला, वी.के. गोस्वामी, रंजीत शर्मा,एस.पी. तिवारी, प्रवीण गिरी सहित अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। एल.एस.डी.पी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राजभवन का भ्रमण किया।इस दौरान सुगरा फातिमा, वैष्णवी जायसवाल, सौर्य दीप सिंह, स्वर्णिम अग्रवाल,अदीबा आरिफ, अनमोल वैश्य,तेजस कसौधन,आर्या पाठक सहित अन्य विद्यार्थियों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अनुभव उनके लिए यादगार होगा और वे घर जाकर अपने मोहल्ले के दोस्तों को इसके बारे में बताएंगे। प्रबंधक अनिल पाठक ने राज्यपाल व अन्य अधिकारियो का धन्यवाद किया जिन्होंने विद्यार्थियों को यह अवसर प्रदान किया।

## चोरी के बाइक के साथ एक बाल अपचारी समेत तीन गिरफ्तार

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने चोरी के एक बाइक के साथ तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि शनिवार की सुबह वाहन चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि तीन लड़के चोरी के बाइक के साथ मेंहदीगंज अंडरपास के पास मौजूद है जिसपर पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर एक बाल अपचारी समेत तीन युवकों गिरफ्तार कर थाने लाकर कड़ाई से पूछताछ किया गया था ।सभी ने बताया कि बीते 26 अगस्त को रखौना रिंग रोड के पास से बाइक हम सभी पांच साथी मिलकर चुराए थे ।पुलिस ने पकड़े गए एक बाल अपचारी समेत जंसा थाना क्षेत्र के नूनखरा कतवारूपुर गांव निवासी प्रद्युम्म सोनकर व चौबेपुर थाना क्षेत्र के भोरानाथ निवासी अर्पित यादव के खिलाफ लिखा पड़ी करने के बाद जेल भेज दिया ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी के साथ खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी, एसआई साबिर खान व कांस्टेबल दयाराम यादव रहे।

# भागवत निवास में धूमधाम से मनाया गया संत राम कृष्ण दास महाराज (सिद्ध पण्डित बाबा) का तिरोभाव महोत्सव

**(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)**



**वृन्दावन।** रमणरेती रोड़ स्थित भागवत निवास में प्रख्यात संत राम कृष्ण दास महाराज (सिद्ध पण्डित बाबा) का तिरोभाव महोत्सव संतों व विद्वानों की सन्निधि में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर पूज्य महाराजश्री के चित्रपट का श्रीहरिनाम संकीर्तन के मध्य पूजन अर्चन किया गया ।साथ ही उनकी आरती की गई ।तत्पश्चात आयोजित सन्त-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि संत राम कृष्ण दास महाराज (सिद्ध पण्डित बाबा) गौडीय संप्रदाय की बहुमूल्य निधि थे ।वे बालपन से ही अद्भुत व विलक्षण थे। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने कहा कि संत राम कृष्ण दास महाराज (सिद्ध पण्डित बाबा) जब 4 से 5 वर्ष के थे, तब वे ठाकुर गोविन्द देव मन्दिर (जयपुर) के प्रांगण में खेलने जाते थे ।उन पर प्रसन्न होकर ठाकुर श्री गोविन्द देव भगवान उनके साथ खेला करते थे। सन्त रामदास महाराज (अयोध्या) ने कहा कि राम कृष्ण दास महाराज (सिद्ध पण्डित बाबा) अत्यंत सिद्ध व उच्च कोटि के संत थे ।वे सभी संतों के मुकुटमणि थे।

उनके तपोबल व साधना के प्रताप से भागवत निवास आज भी निरन्तर प्रभु भक्ति का प्रचार-प्रसार कर असंख्य व्यक्तियों को धर्म के मार्ग से जोड़कर उनका कल्याण कर रहा है।सन्त विद्वत सम्मेलन में भागवत निवास के अध्यक्ष महंत शुकदेव दास महाराज, अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन सम्मान समिति (रिस्पैक्ट एज) के संस्थापक डॉ. गिरीश गुप्ता, गौडीय संप्रदाय के प्रकांड विद्वान डॉ. अच्युत लाल भट्ट, सिंहपौर हनुमान मंदिर के महंत सुंदर दास महाराज, राधाकुंड के महंत केशव दास महाराज, महंत सत्यनारायण, महंत जयराम दास महाराज, सन्त निधि बाबा महाराज, भागवताचार्य पुंडरीक कृष्ण महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा, सुमित अग्निहोत्री आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना मेहदावल का किया औचक निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह द्वारा थाना मेहदावल का औचक निरीक्षण किया । उन्होंने थाना परिसर / कार्यालय निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ सफाई, बैरक, थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, बंदी गृह, महिला हेल्प डेस्क आदि को चेक करने के साथ-साथ कार्यालय में रखे विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों आर्डर बुक न्यायालय, आर्डर बुक न्यायालय ठइह / कुर्की, आर्डर बुक न्यायालय सम्मन, गुण्डा रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए इन्हें अद्यतन रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये साथ ही महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी को आने वाली महिला फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए ।

## 15 सितंबर से मुख्य शिविरों का होगा भव्य आयोजन




**वेलकम इंडिया**

**बाड़ी धौलपुर राजस्थान।** राज्य सरकार द्वारा एवं स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के आदेशानुसार शहरी सेवा शिविर अभियान 2025 के अंतर्गत आयोजित प्री-कैम्पों में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।इन कैम्पों में सफाई, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), अंगीकार के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,स्ट्रीट लाइट मरम्मत एवं अन्य आवश्यक शहरी सेवाओं से संबंधित कार्य निपटान हेतु आवेदन पत्र लिये गये जिनका निस्तारण मुख्य शिविरो में किया जाएगा अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आगामी 15 सितंबर 2025 से मुख्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।इन शिविरों में आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न शहरी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।इस दौरान पालिका के सफाई प्रभारी यादवेंद्र सिंह तोमर, सामुदायिक संगठक जोगेन्द्र मीणा, टाऊन प्लानिंग स्पेशलिस्ट पीएमएवाई तपेश बिधूडी, अनिल गर्ग, सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे शिविर को लेकर नगर पालिका बाड़ी ने नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस अभियान का लाभ लें।

# मेंहदावल क्षेत्र में उड़ता दिखा ड्रोन,ग्रामीणों में दहशत

**वेलकम इंडिया**



**मेहदावल।** शुक्रवार की देर रात मेंहदावल तहसील क्षेत्र के कई गांव के लोगों को रात्रि में आसमान में उड़ता हुआ ड्रोन दिखाई पड़ा ।इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई और वे रात भर जागते रहे ।ड्रोन को उड़ता देख ग्रामीणों ने पुलिस को भी फोन किया लेकिन पुलिस रात मे नही आई ।ग्रामीणों का कहना है कि ड्रोन आसमान में कभी ऊंचाई की तरफ तो कभी नीचे की तरफ आ रहा था, जिसकी गति बहुत धीमी थी ।इस संबंध मे सीओ मेहदावल सर्वदवन सिंह ने बताया यह सब अफवाह है। अगर ड्रोन कैमरा की सूचना मिलती है तो इसकी जांच करवाकर विधिक कार्रवाई की जाएगी। तहसील के बखिरा थानाक्षेत्र के बरडाड,पिपरी, कुसुरु खुर्द,कुसरुकला,भिटवा,मुंडेरी तथा दुधारा थानाक्षेत्र के छितरापार आदि गांव में ड्रोन उड़ने की खबर से ग्रामीणों में भय बना रहा। ग्रामीणों ने सुरक्षा के लिए रात भर गांवों में गश्त की ।पुलिस की गश्त के बावजूद ग्रामीणों में अभी भी भय का माहौल है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं कि आखिर यह ड्रोन किसका था और रात में आसमान में उड़ाने का इसका उद्देश्य क्या था ।इस संबंध मे सीओ मेहदावल सर्वदवन सिंह ने बताया यह सब अफवाह है। अगर ड्रोन कैमरा की सूचना मिलती है तो इसकी जांच करवाकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत,परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

पहासू (बुलंदशहर/पहासू क्षेत्र के गांव त्यौरी में घर के सामने युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई ।मृतका की पत्नी ने गांव के ही कुछ लोगों पर पति की हत्या कर शव घर के सामने फेंकने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर हत्यारो को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है।पोस्टमार्टम के बाद गांव में पहुंचे शव का परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक दाह संस्कार करने से मना कर दिया।गांव में चार थानों की पुलिस पहुंच गई तथा परिजनों से कार्यवाही का आश्वासन देते हुए शव का दाह संस्कार करने को कहा। घटनाक्रम के अनुसार गांव निवासी गिरीश शादियों में चाउमीन का स्टाल लगाने का काम करता था। 4 वर्ष पहले उसने अपनी बहन की शादी से गांव के व्यक्ति से 20 हजार रुपये उधार लिए थे। मृतक की पत्नी के अनुसार उधार के रुपये चुकता कर दिए थे।


## डी. एस. एम. लायंस पब्लिक स्कूल में धूम धाम से मनाया गया हिंदी दिवस.

**वेलकम इंडिया फतेह खान**



रुदौली(अयोध्या)डी. एस. एम .लायंस पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर ' हिंदी दिवस ' बहुत धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डा0 निहाल रजा ने पत्र के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया जिसमे उन्होंने हिंदी के प्रति अपनी भावना व्यक्त करते हुए लिखा ₹मैं राष्ट्र का गौरव मान बनूॅ₹ यह दो तुम मुझको वचन आज मैं तुम सबकी पहचान बनू ..मैं हिंदी हूं₹ प्रिंसिपल डा भावना मिश्रा ने कहा कि हिंदी जन-जन की भाषा है। हिदी हमारे जीवन मूल्यों,संस्कृति सभ्यताएं,संस्कार की संवाहिका है। हिंदी की प्रवक्ता डा0 मधुलिका श्रीवास्तव व नीरज द्विवेदी के निर्देशन में चार्ट,सुलेख,भाषण,कविता,निबंध, सुलेख आदि प्रतियोगिताओं का भी बड़े ही सुंदर ढंग से आयोजन हुआ।

## मारपीट कर महिला समेत तीन को किया घायल, दो पर मुकदमा



**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद क्षेत्र के ठठरा गांव निवासी महेन्द्र कुमार बिन्द ने शनिवार की सुबह मिजार्मुराद थाने में तहरीर देकर बताया कि सुबह ही गांव के शंकर व द्वारिका द्वारा बिना किसी कारण के भद्दी-भद्दी गाली गलौज दिया जा रहा था जब परिवार के सदस्य गाली देने से मना किया तो जान से मारने की नियत से विपक्षीय लोहे का रम्मा व लाठी लेकर बुरी तरह से मारपीट मेरी पत्नी उर्मिला देवी व पुत्री सविता देवी को घायल कर दिया बीच बचाव करने जब में पहुंचा तो मुझे भी मारपीट घायल कर दिया ।घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचकर शंकर व द्वारिका बिन्द के खिलाफ तहरीर दिया ।मिजार्मुराद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायलों को मेडिकल मुआयना हेतु भेज दी ।लोहे के रम्मा के हमले से उर्मिला देवी को सिर व चेहरे पर गम्भीर चोटे आई है ।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## डीएम एवं एसएसपी द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना खुर्जा देहात परिसर में सुनी गयी जनसमस्याएं

बुलंदशहर शासन के निदेर्शानुसार फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए आज दिनांक 13.09.2025 को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना खुर्जा देहात में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रतिभाग करते हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा अन्य फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध एवं वास्तविक त्वरित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी खुर्जा पूर्णिमा सिंह प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक /थाना प्रभारी खुर्जा देहात शशांक श्रीवास्तव सहित सम्बंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# पंजाब के बेसहारा हुए परिवारों की मदद के लिए सामाजिक संस्थाओ को आना चाहिए आगे: कुमारी रंजीता कौशिक

**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** प्रमुख सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए पंजाब के बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए राहत सामग्री जुटाई है ।शनिवार को गांव पूटठर के अनेक घरों से एकत्र की गई सामग्री को फाउंडेशन ने इसराना साहिब गुरुद्वारा भेजा गया, जहां से इसे प्रभावित परिवारों तक पहुंचाया जाएगा। फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि ह्लबाढ़ से बेघर और बेसहारा हुए लोग आज मदद की राह देख रहे हैं। हर किसी को अपनी क्षमता के अनुसार आगे आकर इन पीड़ित परिवारों का सहारा बनना चाहिए। भोजन, कपड़े, दवाइयां या कोई भी जरूरी वस्तु-हर छोटी से छोटी मदद भी उनके लिए जीवन दायी साबित हो सकती है सहयोग स्वरूप देनी चाहिए। उन्होंने आम जन से भावुक अपील करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में मिल-जुलकर दिया गया सहयोग ही सबसे बड़ा संबल है। जब हर व्यक्ति एक कदम बढ़ाएगा, तभी प्रभावित परिवारों के जीवन में फिर से उजियारा लौटेगा।फाउंडेशन के इस प्रयास से न केवल राहत सामग्री एकत्र हुई बल्कि समाज में सहयोग और।संवेदनशीलता का संदेश भी फैला। गांववासियों ने भी बढ़-चढ़कर सामग्री दान कर यह साबित किया कि कठिन समय में इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है।इस मौके पर इंदिरा, रामरति ,रमापति,कृष्णा , अनिता दर्शना, कांता, मुकेश, रेखा ममता, सतवीर राजेंद्र नंबरदार, राजवीर ,सतवीर बलबीर,संदीप रमेश आदि मौजूद रहे।



## पत्रकारों के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा- डॉ. संजय द्विवेदी



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पत्रकारों के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। संगठन पत्रकारो के हितों के लिये निरंतर संघर्षरत है। उक्त बातें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री डॉ. संजय द्विवेदी ने सेमरियावा में ब्लाक क्षेत्र के पत्रकारों के साथ मुलाकात के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि हमारे पास तहसील, जिला, मण्डल और प्रदेश स्तर पर मजबूत संगठन है। इस अवसर पर मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर, खलीलाबाद तहसील अध्यक्ष अतहरूल बारी, टी एच सिद्दीकी, एडवोकेट मोहम्मद नोमान आदि मौजूद रहे।

# गोमय अभियान से जुड़े स्वच्छ भारत के ब्रांड एंबेसडर डॉ. डीपी शर्मा

**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर राजस्थान ।** वैश्विक पर्यावरण संरक्षण और गौ-संवर्धन के हित में काम करते हुए टीम गौमाया समय-समय पर समाज के प्रतिष्ठित लोगों को अपने साथ जोड़ रही है। इस संबंध में, गौमाया के संस्थापक डॉ. सीताराम गुप्ता ने बताया कि एक विशेष कार्यक्रम के लिए जयपुर आए संयुक्त राष्ट्र के डिजिटल डिप्लोमेट और प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर, डॉ. डीपी शर्मा से जयपुर में एक विशेष मुलाकात हुई। इस मुलाकात में उन्हें गौमाया अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि यह मिशन किस तरह एक अंतरराष्ट्रीय सोच, वैज्ञानिक विधि और सेवा का त्रियामी संगम बन चुका है। गौमाया के सह-संस्थापक योगेश मित्तल और राजा मुकीम ने भी उन्हें अभियान की बारीकियों से अवगत कराया। यह मुलाकात मुख्य रूप से गौमाया के मुख्य सलाहकार और राष्ट्रीय स्तर के मोटिवेशनल गुरु डॉ. पीएम भारद्वाज के माध्यम से, भारद्वाज फाउंडेशन जयपुर के ₹स्किल सर्च और स्किल प्रोवाइडर₹ अभियान के तहत हुई। डॉ. पीएम भारद्वाज ने कहा कि गौमाया मिशन पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक मॉडल के वैज्ञानिक क्रियान्वयन पर सराहनीय काम कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि गोमय समिधा से अंतिम संस्कार करने से ग्लोबल वार्मिंग में बहुत बड़ा बदलाव आएगा। इस अवसर पर टीम गौमाया ने उन्हें देसी गाय के गोबर से बने कागज पर छपी दुनिया की पहली पुस्तक 'गोमय ज्ञान सागर' और गोमय लघु यज्ञ भेंट कर सम्मानित किया।



# सेवा पखवारा के तहत एमएलसी के नेतृत्व में मंदिर पर हुआ साफ-सफाई

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** सेवापुरी मंडल के ठठरा गांव स्थित बम भोले मंदिर पर शनिवार की सुबह भाजपा एमएलसी/प्रदेश मीडिया सह प्रभारी धर्मेन्द्र राय के नेतृत्व में सेवा पखवारा के तहत स्वच्छता अभियान को लेकर मंदिर परिसर व उसके आसपास भाजपा कार्यकताओं ने साफ-सफाई किया ।भाजपा एमएलसी ने कहां की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा से काशी में लाखों कार्यकर्ता स्वच्छता को ही सेवा मानकर उसी में जुटे हुए जो बहुत ही अच्छी बात है ।उसी क्रम में कार्यकताओं के साथ मंदिर का साफ-सफाई किया गया है वहां मौजूद लोगों से बोला गया कि मंदिर के साथ-साथ आप सभी घर के आसपास साफ-सफाई रखे जिससे आप खुद भी स्वस्थ रहे और आपका परिवार भी स्वस्थ रहे स्वच्छता सभी के लिए बहुत जरूरी हैं ।इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि संदीप सिंह (मिन्टू), रमेश सिंह, ग्राम प्रधान ठठरा सुनील कुमार बिन्द, अर्जुन गुप्ता, विनोद पांडेय, बंटी सिंह, प्रमोद कुमार गोड़, बबलू सिंह, अमित भोजवाल, राम सेठ समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेरठ में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का धंधा उजागर

## नौचन्दी पुलिस की बड़ी कार्रवाई 4 पुरुष और 1 महिला गिरफ्तार, आपत्तिजनक सामग्री बरामद

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** शनिवार को थाना नौचन्दी पुलिस ने शहर में बड़ी कार्रवाई करते हुए स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। यह छापेमारी सम्राट होटल के सामने त्यागी कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल पर की गई, जहां बाहर से युवक-युवतियों को बुलाकर अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही थीं।सीओ सिविल लाइन के नेतृत्व में नौचन्दी और मेडिकल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारते हुए मौके से 4 पुरुष और 1 महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान,राजवीर पुत्र पियारथ, टूंडी बाजार, फिरोजपुर (पंजाब),साकलम पुत्र सईद, मीरापुर, जनपद मुजफ्फरनगर,नवाजिश पुत्र शकील, शास्त्रीनगर, मेरठ,माज पुत्र असलम, जाकिर कॉलोनी, लोहियानगर मेरठ,आसमा सचदेवा उर्फ मनी पुत्री गुलशन कुमार, विजली बम्बा बाईपास, मेरठ इनके खिलाफ थाना नौचन्दी में मु0अ0सं0 320/2025 धारा 3/4/5/6/7/8 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 व धारा 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई।

इस खुलासे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। आसपास संचालित अन्य स्पा सेंटरों पर भी संदेह की सुइयां घूम गई हैं।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस कॉम्प्लेक्स में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे अवैध धंधों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## एमएलएम कंपनी में इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर युवक से की ठगी

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में रहने वाले मिनाजुद्दीन से गांव के ही एक युवक ने एमएलएम कंपनी में निवेश के नाम पर लाखों रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। ये मामला बारह लाख रुपये की ठगी से जुड़ा है।जिसको लेकर मिनाजुद्दीन ने बताया है कि गांव के ही नरेश पटेल ने उन्हें एक एमएलएम कंपनी का प्लान समझाकर मुनाफे का झांसा दिया। सबसे पहले उन्होंने 24 जुलाई 2024 को 50 हजार रुपये ह्रकुशाग्र हेवीवेट डेवलपर्सह्न नामक कंपनी के खाते में डाले।इसके बाद नरेश पटेल ने भरोसा दिलाया कि अगर और पैसा लगाएंगे तो मोटा मुनाफा मिलेगा। आरोप है कि इस झांसे में आकर मिनाजुद्दीन ने दो बार में तीन-तीन लाख रुपये, तीसरी बार चार लाख रुपये और चौथी बार डेढ़ लाख रुपये निवेश कर दिए।रकम कंपनी और उससे जुड़े दूसरे खातों में ट्रांसफर की गई।

# रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




**हापुड।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के नेशनल हाईवे की घटना है शनिवार की सुबह सुबह लगभग साढ़े पांच बजे के करीब मुरादाबाद की तरफ से आ रही रोडवेज बस आगे चल रहे ट्रक्टर ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्ती की बस की टक्कर लगने से ट्रैक्टर ट्रॉली बीच सड़क पर ही पलट गई।जिसमे हरा चारा लदा हुआ था और टक्कर लगने से ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हो गया।

घटना की जानकारी मिलने पर थाना हापुड़ देहात पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर ट्राली और बस को सड़क से साइड कराया तब जाकर यातायात सुचारू रूप से चालू हो गया। मृतक ट्रैक्टर ट्रॉली चालक की पहचान पहचान 58 वर्षीय ग्राम रझेड़ा थाना सिम्भावली के कैलाश चंद पुत्र अमर सिंह रूप में हुई तथा यूपी 37 एमएन 8717 नंबर रोडवेज बस के चालक बलराम पुत्र शिवराम मिश्रा निवासी कस्बा महोली थाना महोली जनपद सीतापुर को मौके पर ही हिरासत मे ले लिया गया जो जनरथ सीतापुर डिपो की बस को चल रहा था पुलिस द्वारा जानकारी दी गई अन्य कोई जन हानि नहीं है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 288306 वादों का निस्तारण



**मथुरा।**दिनाक 13.09.2025 शनिवार को जनपद न्यायालय मथुरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा विकास कुमार द्वारा की गई।इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय आशीष जैन, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत ब्रह्मतेज चतुर्वेदी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा सुरेन्द्र प्रसाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज, अध्यक्ष बार एसोसिएशन प्रदीप कुमार शर्मा सचिव बार एसोसिएशन शिवकुमार लवानिया सहित समस्त न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता, बैंक मोबाइल/फाइनेन्स कम्पनियों के अधिकारी, वादकारी, पराविधिक स्वयंसेवक, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल आदि उपस्थित रहे।राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश श्री विकास कुमार द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला मुख्यालय, कलेक्ट्रेट, तहसील स्तर पर कुल 370388 वाद निस्तारण हेतु नियत किये गये, जिनमें से 288306 वादों का निस्तारण किया गया।

## बाँके बिहारी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी वृन्दावन की बैठक, वीआईपी प्रोटोकॉल रहेगा जारी



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मन्दिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी वृन्दावन, मथुरा की बैठक बांके बिहारी मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष मा० न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद अशोक कुमार, सदस्य मा० जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) मुकेश मिश्रा, सदस्य मा० जिला एवं सत्र न्यायाधीश मथुरा विकास कुमार, सदस्य /सदस्य सचिव जिला मजिस्ट्रेट / कलेक्टर मथुरा चन्द्र प्रकाश सिंह, सदस्य (गोस्वामी राजभोग समूह) शैलेन्द्र गोस्वामी पुत्र ब्रजनाथ गोस्वामी, सदस्य (गोस्वामी राजभोग समूह) श्रीवर्धन गोस्वामी पुत्र जुगल किशोर गोस्वामी तथा सदस्य (गोस्वामी शयन भोग समूह) दिनेश कुमार गोस्वामी पुत्र बिहारीलाल गोस्वामी उपस्थित रहें।

उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर/ प्रांगण में ऊपर से दर्शन करने हेतु 2 रिजर्व्ड एरिया बने हुए है, जहां एक ओर महिलाओं हेतु रिजर्व्ड है तथा दूसरी ओर पुरुषों हेतु रिजर्व्ड है।उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हो।महिलाओं में सिर्फ महिलाएं तथा पुरुषों में सर्फ पुरुष होने चाहिए।उसपर पूरी तरह से पाबंदी लगेगी।सभी गोस्वामियों / सेवायतों को बताना होगा कि उनके साथ कौन एक या दो सेवक काम कर रहे है।उक्त का अनुपालन 2-3 दिनों में सुनिश्चित किया जाएगा। अध्यक्ष जी ने अवगत कराया कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर में दर्शन हेतु वीआईपी पर्ची की व्यवस्था को खत्म/बंद किया गया है। वीआईपी प्रोटोकॉल को बंद नहीं किया गया है।

# मथुरा में बाढ़ पीड़ितों की तरफ बढ़े मदद के हाथ



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** यमुना नदी के उफान और लगातार हो रही प्रचंड वर्षा के कारण मथुरा जिले के बिरला मंदिर, खादर क्षेत्र, लक्ष्मी नगर समेत कई आवासीय क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं।इससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है।

शुक्रवार की देर सांय एवं शनिवार को अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संयोजक सतेंद्र मैथिल बेरीवाल के नेतृत्व में राहत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया गया।मोक्षधाम एवं डीएवी इंटर कॉलेज में बाढ़ प्रभावित परिवारों को पोषणयुक्त भोजन पैकेट, दूध, केला, पेठा, बिस्किट सहित अन्य आवश्यक राहत सामग्री वितरित की गई। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं रामदेव भारद्वाज एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं सुरेश चंद शर्मा ने बताया कि महासभा समाज सेवा एवं जनकल्याण कार्यों में निरंतर सक्रिय रहती है। हाल ही में दिव्यांग व्यक्ति को कृत्रिम पैर उपलब्ध कराने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया गया था।महासभा की इस मानवता सेवा की पहल को नगर निगम, प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय नागरिकों ने भी सराहा।

## दबंगों ने हिस्ट्रीशीटर पर झोंका फायर, हालत गंभीर, कई पर मुकदमा दर्ज

**बरेली।**इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर पर दिनदहाड़े कुछ दबंगों ने हमला कर दिया गया। आरोप है कि राजेंद्र नगर से खाना लेकर घर लौटते समय उनकी कार को सेंट्रल स्टेट कॉलोनी के पास रोक लिया और हमलावरों ने पहले गाली-गलौज की, विरोध करने पर तमंचे से फायर झोंक दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना इज्जतनगर क्षेत्र की सनराइज कॉलोनी निवासी सोनी चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उनके पति सत्येंद्र सिंह चौहान बेटे और उसके दोस्त अनमोल सक्सेना के साथ गुरुवार रात 11 बजे राजेंद्र नगर से खाना लेकर लौट रहे थे। रास्ते में अनमोल को छोड़ने के बाद जैसे ही वे ज्ञानाया स्कूल के पास पहुंचे, तभी कार को विक्की कालरा, अमित कालरा, अभिजीत रोशन, विवेक जट्टा और लक्की जाट समेत कई लोगों ने रोक लिया। आरोप है कि विक्की कालरा ने गाली-गलौज करते हुए पुरानी दुश्मनी का हवाला दिया और तमंचे से गोली चला दी।

## जिलाधिकारी ने ली अधिशासी अधिकारियों की बैठक



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कार्यालय सभागार में सभी अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक की।उन्होंने सभी ईओ को प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना के अंतर्गत पारदर्शी लाभार्थी चयन सुनिश्चित करने एवं निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता परक निर्माण कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने नगर निकायों को राजस्व बढ़ाने हेतु रणनीति तैयार करने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्रोत-स्तर पर कचरे का पृथक्करण, तथा ट्रेंचिंग ग्राउंड के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।उन्होंने नालों की नियमित सफाई करने एवं स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नदी घाटों की साफ-सफाई हेतु विशेष अभियान चलाने पर भी बल दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर लंबित सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। नगर में जाम की समस्या से निपटने हेतु पॉकेट पार्किंग का निर्माण किया जाय।सभी नगर निकाय शासन स्तर या अन्य स्तर पर लंबित प्रकरणों एवं समस्याओं की सूची उपलब्ध कराएं, जिससे उनके समाधान हेतु समुचित कार्यवाही की जा सके।बैठक में अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल सहित नगर निकायों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन समारोह

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत संचालित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई 24 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन समारोह उच्च प्राथमिक विधालय मुरादपुर, सैना, कुराना, दरियापुर व रझेड़ा ब्लॉक सिंभावली जनपद हापुड़ में बहुत जोश और उत्साह के साथ किया गया।

समस्त छात्राओं को प्रधानाध्यापक उमेश त्यागी, ममता सिरोही, महताब आलम, डॉ अरुण कुमार, जिला व्यायाम शिक्षक व प्रशिक्षिक मनप्रीत खैरा के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित करके कार्यक्रम समाप्त किया गया।प्रशिक्षण में व्यायाम / योगा आत्मरक्षा, आत्मरक्षा की विधियाँ, हेल्पलाइन लाइन नंबर, आत्मरक्षा किट, लैंगिक सशक्तिकरण संबंधित गतिविधियाँ व अन्य विषय के बारे में बताया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी सिंभावली योगेश गुप्ता ने बताया की शासन ने बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, सशक्तिकरण और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति का पांचवां चरण चल रहा है। इसके तहत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम जुलाई से शुरू होकर छः माह तक यानि जनवरी 2025 तक चलेगा।

इस कार्यक्रम के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। जनपद में 210 विद्यालयों में 16 व्यायाम शिक्षक, शारीरिक शिक्षा अनुदेशक बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देंगे।शासन ने बालिकाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से शारीरिक व मानसिक रूप से आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं।

## शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान हेतु जितेंद्र कुमार मिश्रा सम्मानित




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज महावन के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा को जनपद के 100 से अधिक प्रधानाचार्य ,शिक्षक शिक्षकाओं की मौजूदगी में सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र सिंह ने शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु उन्हें पटुका पहना कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में जितेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान की सराहना की उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्य ,शिक्षक साथियों के सहयोग से छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर देते हैं। इस अवसर पर श्याम सुंदर यादव ,डॉ अखिलेश यादव, कविता सक्सेना ,डॉक्टर देव प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## 6 महीने की बच्ची को 80,000 रुपए में बेचने की कोशिश, बहू को दहेज के लिए घर से निकाला

**बरेली।**जिले के विशारतगंज थाना क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है।इस घटना में एक नवविवाहिता ने अपने ही ससुराल वालों पर अपनी 6 महीने की मासूम बेटी को 80,000 रुपए में बेचने की कोशिश का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पीड़िता रनीता पत्नी जयप्रकाश ने थाने में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि बेटी के जन्म के बाद उसके ससुराल वालों का रवैया एकदम बदल गया।₹अगर बेटा होता तो रख लेते, बेटी को बेच देंगे... अच्छा दाम मिल जाएगा₹, ऐसा कहकर पूरे परिवार ने बच्ची की बोली लगानी शुरू कर दी।पीड़िता के मुताबिक, ससुराल वालों ने बदायूं की एक महिला से 80,000 रुपए में बच्ची को बेचने की डील तय कर ली थी। जब रनीता ने इसका विरोध किया, तो उसे लात-घूंसों से मारा गया, खाना नहीं दिया गया, और बार-बार धमकी दी गई कि या तो बेटी को बेचो या दहेज लेकर आओ। दहेज के नाम पर पीड़िता से 4 लाख नकद, एक भैंस और एक स्कूटी की मांग की गई।मना करने पर रनीता को कहा गया₹ अपनी मनहूस सूरत मत दिखा, तेरे बाप ने हमें शादी में कुछ नहीं दिया, अब मांगें पूरी कर वरना बेटी समेत घर से निकल जा।पीड़िता ने बताया कि 7 सितम्बर 2025 की सुबह 11 बजे, उसे और उसकी 6 महीने की बच्ची को धक्के मारकर, मारपीट कर, आधे कपड़ों में ही घर से निकाल दिया गया।पीड़िता अब अपने मायके में रह रही है और पूरी तरह से मां-बाप पर आश्रित है।

## टांडा छंगा में हजरत सैय्यद साहबजादे अली उर्फ भूरे मियां का शुक्रवार से शुरू हुआ तीन रोजा उर्स

**वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य**



**बहेड़ी।**ग्राम टांडा छंगा में आस्ताना ए आलिया हाफि ज सैय्यद बिस्मिल्ला शाह मियां रहमतुल्ला अलैह में चल रहे सैय्यद साहबजादे अली उर्फ भूरे मियां का तीन रोजा उर्स दरगाह के सज्जादा नशीन सैय्यद आसिफ मियां की सरपरस्ती में शुक्रिया से शुरू हुआ। जिसमें शाम 4 से 6 के बीच पहला कुल शरीफ मुनखखित किया गया।जिसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।जिसमें अमनो अमान की सबने मिलकर दुआ पेश की।रात को बड़े जलसे का आयोजन किया गया जिसमें मौलाना मुशर्रफ मुरादाबादी, शायर ए इस्लाम उस्मान हारूनी, मौलाना ताबिश रजा, मौलाना नजीब खान एडवोकेट आदि ने अपने बेहतरीन खिताब लोगों को नवाजा।शनिवार को दूसरे दिन समय 4 बजे से 6 बजे के बीच दूसरे कुल शरीफ की रस्म अदा की गई।शनिवार की रात 10 बजे से ताहिर चिश्ती की कब्बाली का प्रोग्राम होगा। आखिरी कुल कल शाम 4 बजे से 6 बजे के बीच होगा।

दरगाह से जुड़े अकीदतमंदों ने चौथी मर्तबा ब्लड कैंप लगवाकर ब्लड डोनेट किया जिसका उद्घाटन दरगाह के सैय्यद कामिल मियां उर्फ. चांद मियां ने ब्लड देकर किया। ग्राम प्रधान दरऊ गफ्फार खान, बाबा जनता सिंह सहित दर्जनों लोगों ने रक्त दान किया। दरअसल दरगाह उत्तराखंड और यूपी के मध्य बोर्डर पर स्थित है दरगाह पर चल रहे उर्स में शामिल होने दोनों राज्यों के साथ साथ देश और विदेश से जायरीन आते हैं।इंग्लैंड से उर्स में हाज़िरी देने के लिए समीउल्ला खान आए।

# यातायात टीएसआई कामेश सिंह ने पटाखा बुलेट बाइकों को किया सीज

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




**हापुड़।** जनपद के धौलाना क्षेत्र में तैनात यातायात पुलिस टीएसआई कामेश सिंह ने पुलिस टीम के साथ मिलकर ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसा है जिनकी आवाज से लोग रोड पर चलते हुए भेय खा जाते थे पिछले डेढ़ महीने में दो दर्जन से भी ज्यादा पटाखा बुलेट बाइकों सहित अन्य वाहनों पर कार्रवाई की है। इतना ही नहीं टीएसआई कामेश सिंह ने स्टाफ सहित वकीलों की बाइकों को भी नहीं बख्शा है जो बिना नंबर की वकील का लोंगो लगी मॉडिफाइ साइलेंसर बाइक को रोक लिया बाइक पर सवार व्यक्ति अपने घर में इंस्पेक्टर और एडवोकेट होने का हवाला देते हुए बुलेट को छुड़ाने की बात करने लगा। इस पर टीएसआई कामेश सिंह ने कानून का हवाला देते हुए कहा कि कानून सब के लिए बराबर है और बुलेट मोटरसाइकिल पर करवाई कर दी । मिली जानकारी के अनुसार धौलाना क्षेत्र में बिना हेलमेट और मॉडिफा साइलेंसर सहित अन्य वाहनों में प्रेशर होरन की भरमार इतनी ज्यादा थी कि सड़क पर निकलने वाले लोग भय खा जाते थे पिछले डेढ़ महीने में धौलाना क्षेत्र में सेवा दे रहे ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज की जितनी भी प्रशंसा की जाए शायद कम है कई दर्जन वाहनों पर अब तक करवाई हो चुकी है।

## थाना प्रांगण में आयोजित थाना समाधान दिवस

**कांधला।** थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार एवं उप निरीक्षक सुभाष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में फरियादियो की समस्याओं को सुनने एवं उनका समाधान करने का प्रयास किया गया। समाधान दिवस में तीन शिकायत पहुंची एक निस्तारण किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक सुभाष सिंह के द्वारा बताया गया तीन शिकायतें पहुंचीं, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। बाकी शिकायतों पर टीम गठित करने स्थानांतरण के निर्देश दिए गए हैं प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि इस तरह के आयोजन से पुलिस-जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित होता है और आम जनता की समस्याएं समय पर सुलझाई जा सकती हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वह अपनी समस्याएं बेझिझक अपने नजदीकी थाना समाधान दिवस में लेकर आएं।

# श्रद्धा के साथ मनायें त्योहार, किसी की भावना को आहत न करें : एसपी



**वेलकम इंडिया फतेह खान**

**रुदौली-अयोध्या।** आगामी दुर्गा पूजा, दशहरा पर्व को शांति व कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना पटरंगा परिसर में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों दुर्गापूजा समिति के सदस्यों व गणमान्य व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए एसपी ग्रामीण ने कहा कि आने वाले पर्व को सभी लोग आस्था के साथ मनायें लेकिन ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की भावना आहत हो। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा पर्व को परम्परगत तरीके से मनायें बगैर अनुमति के नई प्रतिमा स्थापित नही करने दी जायेगी।उन्होंने कहा कि दुर्गा प्रतिमा स्थापित करते समय ध्यान रखें कि रास्ते का आवागमन बाधित न हो।यदि पूर्व में रहा हो तो इस बार आपस मे बैठकर समझ लें रास्ते को बाधित न करें। कोई भी व्यक्ति असामाजिक गतिविधियों में लिप्त न हो, अनुशासन में रहकर कार्य करें।असामाजिक तत्वों की जिम्मेदार लोग पहले से चिन्हित कर लें इससे क्षेत्र का नाम खराब होता है।बलवंत चौधरी ने कहा कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को ले जाते समय अश्लील गानों का प्रयोग न करें प्रतिमाओं को समय से विसर्जन करें ध्वनि यंत्रों का प्रयोग धीमी गति से करें।अपनी पूजा पाठ को विधि विधान से करें किसी की भावना को आहत न करें। मूर्ति विवादित जगह पर नही रखी जानी चाहिये।

## भाजपा नेता के पुत्र के साथ बाइक सवार दबंगों ने की मारपीट

**कांधला।** कस्बे के घसौली स्टैंड पर बाइक सवार दो युवकों के साथ आधा दर्जन बाइक सवार युवकों ने मारपीट कर दी पीड़ित युवक ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पीड़ित युवक भाजपा नेता का पुत्र बताया गया है पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी बदरू खान भाजपा का कार्यकर्ता है। भाजपा नेता बदरू खान ने शनिवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि विगत शुक्रवार को उसका पुत्र समद गांव के ही अपने साथी सुहेल के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव में आ रहा था। पीड़ित का आरोप है कि तभी बाइक पर सवार होकर आधा दर्जन से अधिक युवक आए और आरोपियों ने उसके पुत्र व उसके साथी को कस्बे के घसौली स्टैंड पर पकड़ लिया और मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग भी मौके पर आ गए आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** कस्बे के मोहल्ला खेल में एक 26 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई परिजनों ने पति सहित ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कस्बा झिंझाना के मोहल्ला चंदनपुरी निवासी रियाजुद्दीन की पुत्री गुलशना की नौ वर्ष पूर्व कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी जावेद के साथ शादी हुई थी।

शनिवार को गुलशना की घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता की मौत की सूचना पाकर विवाहिता के परिजन भी पहुंच गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और विवाहिता के परिजनों सहित ससुरालयों से पूछताछ की। विवाहिता के परिजनों ने पति जावेद सहित ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक विवाहिता के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

मृतक विवाहिता अपने पीछे अपने तीन बच्चे रोते बिलखते छोड़ गई जिसमे दो लड़की वह एक लड़का है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है शव पीएम के लिए भेज दिया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणो.का पता चल पाएगा। परिजनों द्वारा कोई भी तहरीर नहीं दी गई तहरीर के आधार

# विद्यालय जा रही शिक्षिका पर दबग का हमला



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** दिलीपपुर थानान्तर्गत छीटपुर के प्राइवेट विद्यालय से आज दोपहर में 2:30 बजे महिला शिक्षिका जैनब बानो पुत्री रईसुद्दीन निवासी ग्राम बहरुपुर थाना क्षेत्र कंधई अपनी शिक्षिका सहेली के साथ प्रतापगढ़ चौक स्कूटी से जा रही थी तभी शिवसत कादीपुर के पास दो लोगों द्वारा हमला कर दिया गया। शिक्षिका के बताने के अनुसार एक छात्र फहीम नाम के बच्चे को शरारत करने की वजह से विद्यालय से डांट कर निकाल दिया गया था वही लड़का शिवसत कादीपुर के पास हाथ देकर रुकवाया तभी पहले से मौजूद लोग पहुंचे जब तक यह लोग कुछ समझ पाते साथ आए लोग मारने पीटने लगे। डरी सहमी शिक्षिका ने 112 डायल पुलिस को सूचना दी और परिजनों को रोकर अपनी आप बीती बताई वहीं आने जाने वाले राहगीर तमाशबीन बने रहे मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी ।वही शिक्षिका दिलीपपुर थाने में अपने परिजनों के साथ पहुंचकर अराजक तत्वों के खिलाफ लिखित शिकायत कर उचित कार्यवाही की मांग की है ।फिलहाल दिनदहाड़े शिक्षिका के ऊपर हुए हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल है ।मामला दिलीपपुर थाना अंतर्गत सेवसत कादीपुर के पास दोपहर 2:30 बजे के पास का बताया जा रहा है।

# पूर्व राज्यमंत्री दिल्ली सरकार ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



**वेलकम इंडिया**

**शुजागंज अयोध्या।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य,पर्व राज्य मंत्री दिल्ली सरकार,वरिष्ठ नेता दयानंद शुक्ला ने शनिवार को अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं संग बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ित परिवारो से मिलकर मो नदीम एवं दयानंद शुक्ला के संयुक्त नेतृत्व में वस्त्र सामग्री, शॉल,स्वेटर, साड़ी,शर्ट,गर्म कोट,वितरण कर आर्थिक सहायता प्रदान किया ।पूर्व राज्यमंत्री श्री शुक्ला ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों महगू का पुरवा अब्बू पुर, संडरी, पसैया, कैथी, सल्लाहपुर, नूर पुर, सराय नासिर सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण भी किया। तथा रूदौली क्षेत्र के विभिन्न मांगलिक कार्यक्रम में भी शामिल हुये,वहीं दूसरी ओर रुदौली विधानसभा के पूर्व विधायक दिवंगत आचार्य रामदेव के आवास पर पहुंच शोक व्यक्त किया। पश्चात उसके पूर्व राज्यमंत्री दिल्ली सरकार शुक्ला ने कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव एवं पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह तैयार हो गई है, हम सभी लोग कांग्रेस के जननायक न्याय योद्धा राहुल गांधी को चुनाव में विजय प्राप्त कर उनके हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे।

# मैक्स वाहन सरयू नदी में गिरा, तीन घायल

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** कोतवाली अंतर्गत आरे बाईपास में शनिवार दोपहर बड़ा सड़क हादसा हुआ। एक मैक्स वाहन पेड़ से टकराने के बाद सरयू नदी में जा गिरा। हादसे में वाहन सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल कैलाश नेगी और एफएसओ गोपाल सिंह रावत के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम तत्काल घटना स्थल पहुंची ।फायर और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी का रेस्क्यू कर जिला अस्पताल भिजवाया, वही एक घायल को 108 से तो दो घायलों को फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा जिला अस्पताल लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है ।शनिवार दोपहर करीब एक बजे बागेश्वर के आरे बाईपास क्षेत्र में एक मैक्स वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया और सरयू नदी में जा गिरा। वाहन में चार लोग सवार थे, जिनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों में खड़क सिंह (44 वर्ष), पुत्र देव सिंह, निवासी पोसारी खीम सिंह (59 वर्ष), पुत्र दीवान सिंह, निवासी पोसारी,दर्शन सिंह (18 वर्ष), पुत्र खीम सिंह, निवासी पोसारी घायल हो गये ।सूचना मिलते ही फायर सर्विस और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को नदी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहाँ उनका उपचार जारी है ।कोतवाल नेगी ने बताया कि ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

वही स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन पर घटना स्थल के पास उचित सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने के आरोप लगाते हुए घटना पर घटना पर नाराजगी जताई।

## हाइवे पर ट्रक खड़ी कर नारियल पानी बेचना पड़ा भारी, मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के कछवांरोड चौकी के प्रभारी गणेश प्रसाद पटेल मिजार्मुराद थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार को राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर चित्रसेनपुर सब्जी मंडी के सामने हाइवे पर ट्रक खड़ी कर के चार युवक नारियल पानी बेच रहे थे जिनको गश्त के दौरान गाड़ी हाइवे से हटाने के लिए कहां गया था लेकिन मनबढ़ युवक माने नही और हाइवे पर ही गाड़ी खड़ी किये रहे जिसपर चौकी प्रभारी द्वारा ट्रक को सीज करते हुए मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के तिवारीपुर निवासी शुभम दूबे व गौरव सिंह, बाड़ापुर (कछवां) निवासी भोनू सिंह व भैसा (कछवां) निवासी शशिकांत कन्नौजिया के खिलाफ धारा 285 व 293 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया।

# युवा पीढ़ी का बढ़ रहा हिंदी से जुड़ाव प्रोफेसर वागीश

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** हिन्दुस्तान हिंदी में बोलता है,हिंदी अन्य भाषाओं में द्वेष नहीं करती,लेकिन सरलता के चक्कर में हिंदी का स्तर घटा है ।ये बातें हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर विश्व के 37 देशों में कार्यरत हिंदी सेवी संस्था हिंदी साहित्य भारती के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री प्रोफेसर वागीश दिनकर ने कहीं। उन्होंने सकारात्मक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व स्तर पर हिंदी की मान्यता बढ़ी है। युवा पीढ़ी का जुड़ाव इससे हुआ है। बालक लोरी से लेकर सर्वोच्च शिक्षा तक हिंदी में प्राप्त करता है ।सिने जगत का भी बहुत योगदान इसकी अभिवृद्धि में है। क से कबूतर ख से खरगोश ग से गधा अब नहीं बल्कि क से कविता ख से खेल ग से गणेश ग से गीत में अब रुचि बढ़ी है। उन्होंने आगे बढ़कर कहा कि हिंदी का स्वरूप देश व संस्कृति के साथ संस्कारों को बढ़ाता है। उन्होंने देशवासियों से हिंदी के उत्थान के लिए कार्य करने की अपील की है।

# उपज ने बाढ़ पीड़ितों को बांटा भोजन



**मथुरा।** यमुना नदी में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों को लक्ष्मी नगर बाढ़ राहत केंद्र सुभाष कॉलेज एवं यमुना पुल पर उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट, उपज पत्रकार संगठन ने भोजन वितरित किया तथा बाढ़ पीड़ितों से वार्ता की। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट उपज,मथुरा के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने बताया कि मथुरा क्षेत्र में बाढ़ से आमजन का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। उनके घरों में पानी भरने से लोग बेघर हो गए हैं जिला प्रशासन से बाढ़ पीड़ितों के लिए बाढ़ राहत केंद्र बनाए उनमें रह रहे लोगों के जिला प्रशासन और सामाजिक लोगों ने बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराई है। उपज पत्रकार संगठन ने अपना सामाजिक नैतिक कर्तव्य निभाते हुए बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन सामग्री उपलब्ध कराई है तथा बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपनी कलम से पीड़ितों की आवाज सरकार और सामाजिक लोगों तक पहुंचाई है जिसके लिए मथुरा की मीडिया का आभार व्यक्त करते हैं तथा सामाजिक सरोकार व्यक्तियों से बाढ़ पीड़ितों की मदद करने की अपील करते हैं। इस दौरान विपिन अग्रवाल,विजय सिंघल,हेमंत चौधरी, दिनेश सिंह,रामू पाराशर, छोटू उपाध्याय,चंदू उर्फ चंद्र प्रकाश उपाध्याय तथा सामाजिक लोग मौजूद रहे।

# राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे मनाया हिंदी दिवस



**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. बृजभूषण द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक राष्ट्र की पहचान उसकी भाषा होती है। उन्होंने कहा कि भारत विविध भाषाओं का देश है, जिसकी विशेषता भारतीय संस्कृति और साहित्य ने सहेजकर रखी है। प्राचार्य ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में अंग्रेजी का बोलबाला बढ़ता जा रहा है, लेकिन आने वाले समय में हिंदी, चीनी, रूसी भाषाओं का वैश्विक प्रभाव भी बढ़ेगा और हिंदी का परचम विश्व पटल पर लहराएगा ।इस मौके पर लघु कथा और लघु काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें निर्णायक मंडल डॉ सीमा सिंह, डॉ पंकज चौधरी एवं डॉ श्याम बाबू ने प्रतिभागी छात्राओं की रचनाओं का मूल्यांकन किया। लघु काव्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान, सादिया एवं प्रिंसी सैनी ने हासिल किया, द्वितीय स्थान तेहरीन को मिला जबकि तृतीय स्थान महविश को प्रदान किया गया। वहीं, लघु कथा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तेहरीन, द्वितीय स्थान महविश और तृतीय स्थान मुस्कान ने प्राप्त किया ।प्राचार्य प्रो. बृजभूषण ने सभी छात्राओं को उनके सृजनात्मक प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया और हिंदी भाषा के महत्व को समझने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल आयोजन हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ श्याम बाबू ने किया।

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में इनॉबाइट 2.0 प्रतियोगिताओं का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में इंजीनियर्स डे (15 सितम्बर) के उपलक्ष्य में बी.टेक फूड टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा 13 सितम्बर को ॡइनॉबाइट 2.0ॡ शीर्षक से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस वर्ष का मुख्य विषय विश्व खाद्य दिवसॾ2025 की थीम ॡहैंड इन हैंडः बेटर फूड, बेटर फ्यूचरॡ रहा, जिसका उद्देश्य पोषण के महत्व और खाद्य नवाचार को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में 10 टीमों और इनोवेटिव फूड प्रोडक्ट प्रतियोगिता में 9 टीमों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी बी.टेक फूड टेक्नोलॉजी के चारों वर्षों के विद्यार्थी रहे। दोनों प्रतियोगिताओं के परिणाम इंजीनियर्स डे (15 सितम्बर) पर घोषित किए जाएंगे।

इस अवसर पर इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एम.एम. सिंह ने छात्रों के उत्साह की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इंजीनियरिंग निदेशक प्रो. डी.के. भट्ट ने विद्यार्थियों को करियर संबंधी मार्गदर्शन दिया और प्रेरक विचार साझा किए।

कार्यक्रम का समन्वय विभागाध्यक्ष डॉ. शुभांगी निगम ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सहयोग से किया। मंच संचालन अंतिम वर्ष की छात्रा अनुष्का शर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रवि ने प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल में पोस्टर प्रतियोगिता के लिए डॉ. श्वेता पांडे (फाइन आर्ट्स) और डॉ. शिल्पा मिश्रा (इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंस), वहीं इनोवेटिव फूड प्रोडक्ट प्रतियोगिता के लिए प्रो. काव्या दुबे (एजुकेशन) और डॉ. अन्नु शिंगला (फॉरेंसिक) शामिल रहे।

# सड़क निर्माण के दौरान दो पक्षों में मारपीट एक घायल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में ग्राम पंचायत निधि के द्वारा बनवाई जा रही सड़क पर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी बबलू ने बताया कि उनकी गली काफी दिनों से जर्जर हो गई थी जिस पर बरसात होते ही कीचड़ फैल जाता है। पीड़ित के द्वारा ग्राम प्रधान से मांग की गई थी कि सड़क बनवाई जाए। शनिवार को सड़क निर्माण के लिए ग्राम प्रधान द्वारा निधि से सड़क पर मिट्टी भराव का कार्य कराया जा रहा था। पीड़ित का आरोप है कि तभी पड़ोसी मिंटू पक्ष के द्वारा सड़क बनाई जाने का विरोध करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। पीड़ित के द्वारा सड़क बनवाई जाने का हवाला देकर निर्माण कार्य कराने का प्रयास किया गया तो आरोपी ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पीड़ित के साथ लाठी डंडों से मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो मासूम बच्चियों सहित चार घायल

**वेलकम इंडिया**





**कांधला।(मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ के समीप पिकअप गाड़ी चालक ने बाइक सवार एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। पीड़ित सहित उसकी दो मासूम बच्ची घायल हो गई। 108 एंबुलेंस के द्वारा घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जनपद बागपत के कस्बा बड़ौत निवासी जावेद शनिवार को अपनी दो पुत्रियां मुस्कान और इसकना के साथ बाइक पर सवार होकर कस्बे में अपने रिश्तेदारी में आ रहा था। बाइक सवार व्यक्ति जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे एक पिकअप गाड़ी चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। पिकअप गाड़ी की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति सहित उसकी दोनों बच्ची सड़क पर गिरकर गांधी रूप से घायल हो गई। घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गाड़ी चालक हादसे को अंजाम देकर फरार हो गया। दुसरी और कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव जानपुरा निवासी बाइक सवार व्यक्ति जाजा को कैराना मार्ग आल्दी बस अड्डे के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया।

# एस.आर.एम.आई.एस.टी. दिल्ली-एनसीआर कैंपस में स्वागत 2025 का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाज़ियाबाद में ह्यस्वागतम 2025ह्व फ्रेशर्स कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर पुलिस उप आयुक्त (ग्रामीण) गाज़ियाबाद, सुरेन्द्र नाथ तिवारी (आईपीएस) तथा ओरिएंट इलेक्ट्रिक, फरीदाबाद (हरियाणा) के हेड-ह्यूमन रिसोर्स राजेश रघुवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी विचार साझा कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य, समूह नृत्य, पंजाबी नृत्य और बैंड प्रस्तुति जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। मुख्य आकर्षण ह्यमिस्टर एवं मिस फ्रेशरह्व प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न चरणों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मिस फ्रेशर का खिताब सुश्री शिरीन मित्तल ने जीता, प्रथम उपविजेता संस्कृति रहीं तथा द्वितीय उपविजेता अरुणिमा मेनन बनीं। मिस्टर फ्रेशर का खिताब ध्रुव त्यागी को प्रदान किया गया, जबकि प्रभाव तिवारी प्रथम उपविजेता और मनकरन सिन द्वितीय उपविजेता रहे। विजेताओं को जज सुश्री सिमर खनेजा द्वारा सम्मानित किया गया। इसके उपरांत रंगारंग डीजे नाइट के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ।

कार्यक्रम में निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन आईक्यूएसी डॉ. धौम्या भट्ट, डीन विज्ञान एवं मानविकी डॉ. नवीन अहलावत, डीन एफएमएस डॉ. विजयलक्ष्मी अयंगर तथा डीन रिसर्च डॉ. ए. गीता भवानी की गरिमामयी उपस्थिति और मार्गदर्शन ने आयोजन को और अधिक सफल और स्मरणीय बना दिया। इस आयोजन का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करना और उन्हें प्रेरित करना रहा।

# आरकेजीआईटी में सीएसएसएस सोसाइटी द्वारा ब्रेनक्वेस्ट प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**वेलकम इंडिया**



गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)। राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान, गाज़ियाबाद के कंप्यूटर साइंस & इंजीनियरिंग की सीएसएसएस सोसाइटी द्वारा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए क्विज कम्पटीशन ऱब्रेनक्वेस्टऱ का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की कोडिंग, एपटिट्यूड, टेक्निकल कॉन्सेप्ट्स तथा रीजनिंग की परख करना एवं उन्हें और अधिक निखारना था। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों को रोचक और चुनौतीपूर्ण रूप में प्रस्तुत किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, ग्रुप में कार्य करने की क्षमता एवं तीव्र निर्णय लेने की योग्यता का शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के पश्चात, कंप्यूटर साइंस & इंजीनियरिंग विभाग की टीम ऱकोडिंग बैंडिट्सऱ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऱस्टैक हैकर्सऱ टीम द्वितीय स्थान पर रही, जबकि ऱट्रेल ब्लेजर्सऱ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन मिस दीप्ति गंगवार की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर श्री अक्षत गोयल (वाइस चेयरमैन), डॉ. लक्ष्मण प्रसाद (ग्रुप एडवाइजर), डॉ. डी. के. चौहान (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर), डॉ. बी. सी. शर्मा (डायरेक्टर), डॉ. आर. के. यादव (डीनझ्रऐकडेमिक), श्री एच. जी. गर्ग (डीन झ्र स्टूडेंट वेलफेयर), एवं डॉ. अमित सिंघल (विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस & इंजीनियरिंग) ने कार्यक्रम की सफलता हेतु समस्त प्रतिभागियों व आयोजन टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# महिला पंजाबी संगठन के पदाधिकारियो ने आइफा आर्ट गैलरी का दौरा किया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** महिला पंजाबी संगठन तथा लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल ने आइफा आर्ट गैलरी का दौरा किया। जहाँ उन फैकल्टी सदस्यों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने आर्ट गैलरी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों और फैकल्टी के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।समारोह में विशेष रूप से आइफा निदेशक डॉ. संघर्ष शर्मा, श्री प्रदीप बोस तथा फैकल्टी सदस्य स्वीटी मैम, प्रशांत झा सर, नीशू मलिक मैम और शीतल मैम को सम्मानित किया गया। साथ ही छात्रों को भी उनके सृजनात्मक योगदान के लिए सम्मान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में डॉ. शालिनी नैयर के साथ हरशिता चौधरी, गीता मोहन अरोड़ा, विशाखा मित्रा, नीता, रुचि गुप्ता, कोमल शर्मा, और रोजी आनंद की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# बाढ़-संबंधित बीमारियों से रोकथाम : सेहत सही लाभ कई

**वेलकम इंडिया**




स्मार्ट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सेहत सही लाभ कई के अंतर्गत सलाम नमस्ते सामुदायिक रेडियो के द्वारा बाढ़ एवं सम्बंधित बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है डॉ पवन कुमारी (मेडिकल अफसर,जिला अस्पताल),डॉ स्मृति शर्मा (मेडिकल अफसर,आरोग्य मंदिर) डॉ श्रुति कीर्ति वर्मा (जिला मलेरिया अधिकारी ) के सन्देश जन हित में साँझा किये जा रहे हैं ( बाढ़ और संबंधित बीमारियां एक गंभीर समस्या है, जो न केवल जान-माल की हानि का कारण बनती है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। बाढ़ के दौरान और उसके बाद कई तरह की बीमारियां फैल सकती हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख बीमारियां निम्नलिखित हैं:

बाढ़ से संबंधित बीमारियां

1. जलजनित बीमारियां: बाढ़ के दौरान पानी में बैक्टीरिया, वायरस और अन्य रोगाणुओं की संख्या बढ़ जाती है, जिससे जलजनित बीमारियां जैसे कि हैजा, टाइफाइड, दस्त और उल्टी हो सकती हैं।

2. वेक्टर-जनित बीमारियां: बाढ़ के दौरान मच्छरों और अन्य वेक्टरों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और अन्य वेक्टर-जनित बीमारियां फैल सकती हैं।

3. त्वचा संबंधी बीमारियां : बाढ़ के दौरान त्वचा संबंधी बीमारियां जैसे कि त्वचा संक्रमण, एक्जिमा और अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

4. श्वसन संबंधी बीमारियां: बाढ़ के दौरान श्वसन संबंधी बीमारियां जैसे कि अस्थमा और अन्य श्वसन समस्याएं बढ़ सकती हैं।

बचाव और रोकथाम:

1. स्वच्छता बनाए रखें: बाढ़ के दौरान और उसके बाद स्वच्छता बनाए रखना बहुत जरूरी है। हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोएं।

2. सुरक्षित पानी पिएं: बाढ़ के दौरान सुरक्षित पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी को उबालकर या फिल्टर करके पीना चाहिए।

3. वेक्टर नियंत्रण: मच्छरों और अन्य वेक्टरों को नियंत्रित करने के लिए उपाय करने चाहिए, जैसे कि मच्छरदानी का उपयोग करना और मच्छरों को मारने के लिए दवाओं का छिड़काव करना।

4. स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं: बाढ़ के दौरान और उसके बाद स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाना बहुत जरूरी है। यदि आपको कोई बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बाढ़ और संबंधित बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन द्वारा भी कई उपाय किए जाते हैं, जैसे कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का प्रावधान करना और स्वच्छता अभियान चलाना।स्मार्ट संस्था के सहयोग से चलाये जा रहे स्वास्थ्य श्रंखला सेहत सही लाभ कई के अंतर्गत सलाम नमस्ते का प्रयास है।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में इंटरनल स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 सम्पन्न



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज (आई पी ई सी) गाजियाबाद में 12 और 13 सितम्बर को दो दिवसीय इंटरनल स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में 150 टीमों के लगभग 900 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें प्रत्येक टीम में छह सदस्य अनिवार्य रूप से शामिल रहे। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में तकनीकी नवाचार, समस्या समाधान क्षमता और स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता के अंतर्गत चयनित शीर्ष 50 टीमों को राष्ट्रीय स्तर पर कॉलेज का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन पिछले कुछ वर्षों में देशभर के युवाओं के लिए नवाचार का बड़ा मंच बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान स्वयं इन आयोजनों को युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला मानते हैं।आई पी ई सी के उपाध्यक्ष पुनीत अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि संस्थान सदैव नवाचार और रचनात्मक विचारों को प्रोत्साहित करता आया है।। कार्यक्रम के समापन पर सिंगल प्वाइंट ऑफ कॉन्टैक्ट अरविंद तिवारी ने सभी जजों, शिक्षकों, मेंटर्स, प्रबंधन और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रतियोगिता को सफल बनाने में सभी के सहयोग की सराहना की।

# रीडिंग कॉर्नर नवाचार से गांव में आयेगी शिक्षा क्रान्ति :- बोहरा

**वेलकम इंडिया**




**बाड़मेर राजस्थान।** शिक्षा के प्रति जागरूकता व बच्चे के शैक्षिक स्तर में सुधार को लेकर स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन द्वारा अभियान ग्रामोदय के माध्यम से सांसियों का तला राजस्व गांव में घर-घर रीडिंग कॉर्नर नवाचार किया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों सहित अभिभावक भी बड़े ही उत्साह से जुड़ रहे है। जिस कड़ी में शनिवार को अभियान संयोजक मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में सांसियों का तला में 15 से अधिक घरों में रीडिंग कॉर्नर बनाने का कार्य सम्पन्न हुआ। शारीरिक शिक्षक राजेश जोशी ने बताया कि सांसियों का तला के बच्चे के शैक्षिक स्तर व पढ़ाई के प्रति रूचि को लेकर हर घर व्यवस्थित व आनंददायी रीडिंग कॉर्नर बनाये जा रहे है। सांसियों का तला में कर्मठ शिक्षक मुकेश बोहरा अमन के नतृत्व में बहुत ही अच्छा प्रयास किया जा रहा है। शनिवार को विद्यालय के सामने की बस्ती में रीडिंग कॉर्नर स्थापित किये गये। जहां मातृशक्ति को बच्चों का होम मेन्टर बनाया जा रहा है। अभियान ग्रामोदय के संयोजक व स्टेट अवार्डी मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि रीडिंग कॉर्नर मुहिम से सांसियों का तला राजस्व गांव के बच्चों में अप्रत्याशित बदलाव आयेंगे। घर-घर शिक्षा के प्रति जागृति से जहां बच्चें के शैक्षिक स्तर में सुधार आयेगा वहीं गांव में शिक्षा की नई क्रान्ति आयेगी। हर रीडिंग कॉर्नर पर बच्चे की मां को होम मेन्टर बनाया जा रहा है। इस दौरान स्टेट अवार्डी मुकेश बोहरा अमन, विद्यालय स्टाफ राजेश जोशी, डालूराम सेजू, उषा जैन, सीमा शर्मा, रिया शर्मा, संजीत, नन्दा सिसोदिया, चमेली सहित बड़ी संख्या में माताएं-बहिनें व बच्चे उपस्थित रहे।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में भव्य इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमेंद्र तोमर ( विभाग ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री ) रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव चौधरी (ब्लॉक प्रमुख जानी), दीपक राणा (चेयरमैन गन्ना समिति, मोहिउद्दीनपुर) तथा नवीन नेहरा (मंडल अध्यक्ष, भाजपा मेरठ) (चीफ एक्जीक्यूटिव इन्जीनियर) महेश उपाध्याय, ( एक्स चेयरमैन जिला सहकारी बैंक) जयवीर उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन राजीव बोबल, प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार राणा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं प्री-प्राइमरी विंग ने रंगारंग भारतीय नृत्य से सबका मन मोह लिया। इसके पश्चात विद्यालय के हेड बॉय अंशराज, हेड गर्ल श्रेया वशिष्ठ, डिप्टी हेड बॉय अथर्व त्यागी, और डिप्टी हेड गर्ल गीत शर्मा सहित अन्य छात्र-नेताओं को जिम्मेदारी का दायित्व सौंपा गया।मुख्य अतिथि सोमेंद्र तोमर ने बच्चों को अनुशासन, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व और उमेश कुमार मोदी द्वारा विद्यालय में चलाई जा रही उच्च स्तरीय गतिविधियों को सराहते हुए, सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरणादायक संबोधन दिया। अन्य अतिथियों ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों को स्कूल समृति चिह्न प्रदान करके धन्यवाद ज्ञापित किया और संकल्प लिया कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों और नेतृत्व क्षमता में भी आगे बढ़ाया ।

# मेरठ सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र में रालोद ने चलाया सदस्यता अभियान



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष के दिशा निर्देश के अनुसार प्रदेश महासचिव एवं सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रणवीर दहिया के नेतृत्व में आधा दर्जन से भी अधिक गांवो में सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सैकड़ो लोगों ने राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण की।सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र में रालोद के प्रदेश महासचिव एवं सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रणवीर दहिया के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ग्राम जानी,ढडरा, दमगढी, रासना आदि गांव में सदस्यता अभियान चलाया गया। रणबीर दहिया ने कहा कि सदस्यता अभियान के दौरान राष्ट्रीय लोकदल मे काफी संख्या में सभी वर्ग के लोग शामिल हो रहे हैं। राष्ट्रीय लोक दल किसानों मजदूरों गरीबों व्यापारियों सभी के हित के लिए कार्य कर रही है। इस मौके पर सचिन चौधरी प्रदेश महासचिव, मोनू ढिडाला, प्रधान वेदपाल जानी, संहसरपाल जमील अहमद व अनूप सैफी रितिक खटीक मनोज शर्मा राजीव शर्मा व सर्वेश ढडरा व प्रदीप ढडरा व विक्रांत ढडरा ब्रह्म सिंह व आर्यन व नीरज व सैयद हसन व शानू खाँ बशीर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आधार कार्ड शिविर का उद्घाटन पंडित अशोक भारतीय ने किया

**वेलकम इंडिया**



महोदय यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रीय व्यापार मंडल व डाक विभाग एवं वार्ड 83 की पार्षद श्रीमती कविता प्रवीण भाटी के सहयोग से एक आधार कार्ड शिविर 13 सितंबर 2025 दिन शनिवार प्रातः 10:00 बजे प्रारंभ हुआ आधार कार्ड शिविर का उद्घाटन पंडित अशोक भारतीय ने किया। 18 वर्ष तक की आयु के नये आधार कार्ड बनाए गये तथा सभी आयु वर्ग के आधार कार्ड में संशोधन किया गया दो दिवसीय आधार कार्ड शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बालकिशन गुप्ता जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल रहे। बालकिशन गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल जिले भर मे जहां जहां भी आधार कार्ड शिविर की आवश्यकता है वहा आधार कार्ड शिविर लगाकर सेवा करने को कृतसंकल्प है। शिविर के माध्यम से सेवारत राष्ट्रीय व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी साधुवाद के पात्र हैं। सुशील कुमार विकास चौहान राजपाल कौशिक के डी शर्मा बी डी शर्मा डाक्टर अनिल शर्मा मधुसूदन शर्मा अशोक गुप्ता आटे वाले राजीव निझावन आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया स्थानीय जनता ने शिविर के आयोजन की सराहना की श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम के द्वारा मुफ्त नेत्र जांच शिविर की व्यवस्था की गई वरिष्ठ नागरिको के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए पार्षद कविता प्रवीण भाटी एवं साहिबाबाद विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण भाटी ने सभी अतिथियों का माला पटका एवं स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया शिविर में 140 नये आधार कार्ड बनाए व संशोधित किये गये दिनांक 14 सितंबर रविवार को भी आधार कार्ड शिविर इसी स्थान पर लगेगा।

# सामाजिक संगठनों के सहयोग से पांच हजार हरिशंकरी पौधे लगाएगा लोक भारती: के. सी. चौधरी

**वेलकम इंडिया**




**बस्ती 13 सितंबर।** दिनांक 17 सितम्बर को बस्ती जनपद में एक साथ 1476 हरिशंकरी (पीपल,पाकड़, बरगद) कुल 4422 पौधों का रोपड ट्री गार्ड सहित समारोह पूर्वक किया जायेगा। जिसमें 1247 ग्राम पंचायतों, 11 नगरीय क्षेत्रों के 165 वार्डों,16 थान्हा परिसरों 4 तहसील मुख्यालयों सहित 40 अन्य स्थान सम्मिलित है। लोक भारती के राष्ट्रीय सम्पर्क प्रमुख श्रीकृष्ण चौधरी ने बताया हरिशंकरी रोपड़ अभियान में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन, लोक भारती, गायत्री परिवार, पतंजलि, आर्य समाज, आर्ट आफ लिविंग, ब्रम्हा कुमारी, व्यापार मण्डल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो के सहयोग से 8 से 12 सितम्बर के बीच जिले की सभी 11 स्थानीय निकायों एवं 14 विकास खण्ड मुख्यालय पर तैयारी बैठकें सम्पन्न हुई है। जिसमे ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक वी डी.ओ, सभासद/ अध्यक्ष, अधिशाषी अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकताओं के साथ सामूहिक कार्य योजना बनायी गयी है। पीपल, पाकड़ और बरगद के पेड़ अत्यधिक लाभकारी होते हैं। और इन्हें लगाना पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभदायक है। ये पेड़ वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाते हैं और प्रदूषण को कम करते हैं। हिंदू धर्म में पीपल को पवित्र वृक्ष माना जाता है और इसकी पूजा की जाती है। पीपल का पेड़ घना और विशाल होता है।

# गाजियाबाद इंदिरापुरम पुलिस ने रॉयल पैलेस में 120 सम्भ्रान्त व्यक्तियों से किया संवाद स्थापित

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** 13 सितंबर को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद महोदय के आदेश के अनुपालन में सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुर अभिषेक श्रीवास्तव एवं थाना इंदिरापुरम प्रभारी रावेंद्र गौतम और उनकी पुलिस टीम द्वारा रॉयल पैलेस इंदिरापुरम में 120 सम्भ्रान्त व्यक्तियों से संवाद स्थापित किया गया तथा पुलिस की कार्य प्रणाली के सम्बन्ध में सभी को अवगत कराया गया।कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति, पार्षद, डॉक्टर, व्यापारी, उद्योगपति, मीडियाकर्मी,मीडिया इन्फ्लुएंसर, सामाजिक कार्यकर्ता एवं दल के व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम द्वारा कमिश्नरेट गाजियाबाद में प्रचलित पुलिस बीट प्रणाली के सम्बन्ध में सभी को अवगत कराया गया तथा थाना इंदिरापुरम क्षेत्र के सभी बीट एसआई/बीपीओ के नम्बर आदान प्रदान कराए गए तथा अवगत कराया गया कि यदि कोई बीट एसआई/बीपीओ द्वारा पासपोर्ट सत्यापन,शिकायत,चरित्र सत्यापन, किरायेदार सत्यापन आदि की जाँच के सम्बन्ध में कोई लाभ लेने के लिये बात की जाती है तो तत्काल उसकी सूचना उच्चाधिकारीगणों को दें। सम्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस प्रणाली की प्रशंसा की गई तथा सम्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा कहा गया कि उक्त पुलिस व्यवस्था का आम जनमानस में प्रचार-प्रसार किया जाएगा।



# राष्ट्र की प्रगति के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव को स्वीकार करना होगा: सरदार एस पी सिंह

वेलकम इंडिया




**गाज़ियाबाद।** आज गाजियाबाद के गोविंदपुरम स्थित जीत एकेडमी में ह्लवन नेशन वन इलेक्शनह्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभियान के समन्वयक व पूर्व महानगर संयोजक सरदार एस. पी. सिंह जी उपस्थित रहे।उन्होंने युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव की आवश्यकता, इसके लाभ एवं भविष्य में देश की राजनीति पर इसके सकारात्मक प्रभावों पर विस्तृत प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि राष्ट्र की उन्नति व प्रगति के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव को लागू करना केन्द्र सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।इस अवसर पर महानगर संयोजक दीपक गोस्वामी ने विश्वास जताया कि युवाओं की भागीदारी व सक्रियता से एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए देशवासियों की सोच बदलेगी और इससे देश की विकास की रफ्तार बढ़ेगी।जीत एकेडमी के निदेशक सचिन चौधरी ने भी अभियान के समर्थन में अपने विचार व्यक्त किए।एकेडमी के शिक्षक हर्केश राघव, आदर्श शर्मा नितेश, राजेश शर्मा, राजीव कुमार, नोमिष पांडे एवं आदित्य गोयल भी उपस्थित रहे।संगोष्ठी में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने भाग लिया और विषय से संबंधित अपने प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं वन नेशन वन इलेक्शन जैसे महत्वपूर्ण विषय से जोड़ना और उनमें राजनीतिक जागरूकता उत्पन्न करना रहा।

## वेलकम इंडिया



ब्राह्मण मणिकुल आभूषण भक्ति और शक्ति के प्रतीक मात पितृ समाज कुटुंब कबीला भक्त हिमांशु शर्मा बेटे को जन्मदिन की शुभकामनाये एक पिता के लिए अपने बेटे को स्वस्थ और खुश देखकर जो सुख मिलता है वह सुख किसी बड़े उपहार में कम नहीं तुम्हारा जन्मदिन है तुम ढेर सारी खुशियां पाओ सारे गमों को भूल जाओ हंसते खिलखिलाते आगे बढ़ते जाओ पूरी जिंदगी यूं ही तारों की तरह जगमगाओ, धन्यवाद, मेरे बेटे, इस तरह मेरे जीवन यात्रा पर आने के लिए और अपनी उपस्थिति ने मुझे वह मेरे कुल को बहुत प्रफुल्लित किया। जब मैं तुम्हें देखता हूं तो मुझे उस सज्जन, विनम्र और देखभाल करने वाले व्यक्ति पर बहुत गर्व होता है जो तुम बन गए हो ! जन्मदिन मंगलमय हो, बधाई हो, मेरा सुंदर और प्यारा बेटा ! मेरे पास यह व्यक्त करने के लिए कोई शब्द नहीं है कि जीवन में किसी व्यक्ति को विशेष रूप से आपके लिए लाने की कृपा के साथ मुझे सौंपने के लिए मैं भगवान का कितना आभारी हूं ! आपकी खुशी की मुस्कान हमें और मजबूत बनाती है, हम हमेशा आपके लिए सबसे अच्छा समय देने का प्रयास करेंगे, आपकी बढ़ती उम्र के साथ, उम्मीद है कि अधिक पवित्र और तेजी से हमें खुश करें। जन्मदिन पर।मम्मा और पापा भाई बहन इष्ट मित्र कुटुंब कबीलो को आप पर गर्व है, आपके लिए प्रार्थना करते हैं, कि यह दिन आपके लक्ष्यों तक पहुंचने में आपकी सफलता की शुरूआत होगी। तुम्हारे लिए बहुत-बहुत प्यार

## सीईओ लोकेश एम के कड़े निर्देश

# 5 लाख तक के कामों पर रोक ऊपर की रकम के लिए लेनी होगी अनुमति

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में नोएडा अथॉरिटी के सीईओ समय-समय पर अचानक कार्रवाई कर सभी को चौंका देते हैं। इस बार डॉ. लोकेश एम एक बार फिर बड़ा एक्शन लेकर चचाओं में आ गए हैं। अथॉरिटी के सीईओ के इस फैसले से जहां अथॉरिटी के तमाम अधिकारी हैरत में आ गए है, तो वहीं दूसरी ओर शहर में भी ये चर्चा का विषय बन गया है।सीईओ डॉ. लोकेश एम ने नोएडा में एक से पांच लाख रुपये तक के कामों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इसके अलावा पांच लाख से दो करोड़ रुपये तक के कामों के लिए अथॉरिटी के सीईओ की अनुमति जरूरी होगी।सीईओ ने गुरुवार को इससे सम्बंधित आदेश जारी कर दिए हैं। नोएडा अथॉरिटी के सीईओ



डॉ. लोकेश एम ने बताया कि एक से पांच लाख रुपये तक के कामों को आकस्मिक या आपात परिस्थितियों में दिखाते हुए बिना ई-टेंडर प्रक्रिया या कोटेशन करा दिया जाता था।फिर उनका भुगतान हो जाता था।इतना ही नहीं इसकी पत्रावली अथॉरिटी के उच्चाधिकारियों तक नहीं दिखाई जा रही थी।जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। आशंका है कि अधिकारियों ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया।ऐसे में सभी कामों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।ऐसी ही स्थिति दो करोड़ तक के कामों के लिए भी है।एसीईओ स्तर से सैद्धांतिक स्वीकृति के बाद टेंडर प्रकिया की जा रही है।ऐसे में सिविल, जल विद्युत यांत्रिकी, उद्यान, जन स्वास्थ्य और अन्य विभागों से संबंधित सिविल और अनुरक्षण कार्यों की टेंडर प्रक्रिया करने से पहले सीईओ की मंजूरी लेनी होगी। सीईओ ने आदेश जारी कर सिविल, अन्य खंडों में कोटेशन के जरिए 1 से 5 लाख तक के सभी कामों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इसी तरह सिविल, जल विद्युत यांत्रिकी, उद्यान, जन स्वास्थ्य और अन्य विभागों से संबंधित सिविल और अनुरक्षण कार्य जिनकी लागत 2 करोड़ की सीमा में है।ऐसे कार्यों की सैद्धांतिक स्वीकृति अपर मुख्य कार्य पालक अधिकारी से मिलती है। इन सभी कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।बिना सीईओ की अनुमति के अब कामों के लिए टेंडर नहीं होंगे।

# एडिशनल कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने किया थानों का औचक निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ( कानून व्यवस्था एवं यातायात ) आलोक प्रियदर्शी,द्वारा नगर जोन के थाना विजयनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी, मालखाना, महिला अपराध सम्बन्धी अभिलेखों व अन्य अभिलेखों आदि को चेक किया गया तथा थाना प्रभारी विजयनगर को आगन्तुकों/शिकायतकताओं के साथ मृदुल व्यवहार रखते हुए उनकी शिकायत पर त्वरित एवं तत्परता से कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये ।कार्यालय स्थित शाखा डीसीआरबी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड संधारण, डिजिटल डाटा के अद्यतन की स्थिति की समीक्षा, अपराध रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## विकसित उत्तर प्रदेश- समर्थ उत्तर प्रदेश-2047




**गाजियाबाद।** विकसित उत्तर प्रदेश-2047 के संकल्प को प्राप्त करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार नागरिकों के बहुमूल्य सुझाव आमंत्रित करती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बुनियादी ढांचे और अन्य क्षेत्रों में आपके विचार प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। आइए, अपने सुझाव साझा करें और उत्तर प्रदेश को समृद्ध बनाने में भागीदार बनें।

# महाकुम्भ-2025 में उत्कृष्ट कार्य हेतु एडीजी फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज श्रीमती पद्मजा चौहान को किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** द्वारका के यशोभूमि कन्वेंसन हाल में एफएसएआई द्वारा आयोजित इंटरनेशनल स्तर के प्रोग्राम में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान श्रीमती पद्मजा चौहान (कढर) की अगुवाई में उत्कृष्ट कार्य करने वाली उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा की टीम को ब्रेवरी एवं सुपर हीरो ऑफ फायर सर्विसेज अवार्ड से सम्मानित किया गया जो ऋरअक द्वारा दिया जाने वाला सर्वोत्तम पुरस्कार हैक

आईपीएस ने महाकुम्भ-2025 के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए की योगी सरकार और विभागीय अधिकारियों की सराहना की अग्निशमन तथा आपात सेवा का नेतृत्व कर रही एडीजी श्रीमती पद्मजा चौहान(कढर) ने बताया की महाकुम्भ-25 में माननीय मुख्यमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में यूपी अग्निशमन तथा आपात सेवा के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने अपनी मेहनत के बल पर गंभीर से गंभीर अग्नि दुर्घटनाओं पर तत्काल काबू पाया व शून्य जनहानि के लक्ष्य को पाने में सफलता प्राप्त की।यूपी अग्निशमन तथा आपात सेवा ने महाकुम्भ में अत्याधुनिक उपकरणों और क्विक रिस्पॉन्स के चलते सभी दुर्घटनाओं पर सफलतापूर्वक काबू पाया। प्रदेश के अग्निशमन विभाग के इस उत्कृष्ट कार्य को पूरे देश में न सिर्फ सराहा जा रहा है, बल्कि पुरस्कृत भी किया जा रहा है।इसी क्रम में नई दिल्ली द्वारका के यशोभूमि कन्वेंसन हाल में द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान उत्तर प्रदेश के अग्निशमन विभाग की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए विभाग के अधिकारियों को सम्मानित किया। जिसमे एडीजी फायर श्रीमती पद्मजा चौहान (कढर) के साथ ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री प्रमोद शर्मा, श्री अंकुश मित्तल, श्री रमेश तिवारी व श्री संजीव कुमार फायर ऑफिसर व श्री अमित कुमार सेकंड फायर ऑफिसर महाकुम्भ मेला को ब्रेवरी एवं सुपर हीरो ऑफ फायर सर्विसेज अवार्ड से सम्मानित किया गया जो ऋरअक द्वारा दिया जाने वाला सर्वोत्तम पुरस्कार हैक उल्लेखनीय है कि प्रयागराज के संगम तट पर विश्व के सबसे बड़े मानवीय समागम, महाकुम्भ में 66. 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया था। 4000 हेक्टेयर में बसे और 25 सेक्टर में बंटे महाकुम्भ नगर में लगभग प्रत्येक दिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम तट पर आ रहे थे।ऐसे में यूपी अग्नि शमन विभाग ने अपने अत्याधुनिक उपकरणों और मुस्तैदी से महाकुम्भ जैसे महा-आयोजन में बिना किसी जनहानि के अग्नि दुर्घटनाओं पर काबू पाया। साथ ही लगभग 16.5 करोड़ रुपए से अधिक की धन हानि को भी बचाया। महाकुम्भ में लगभग 24 बड़ी अग्नि दुर्घटनाओं के साथ 185 अग्नि दुर्घटनाओं पर काबू पाया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में उमड़ी भीड़, जिला जज को किया याद

वेलकम इंडिया

- लोक अदालत के दौरान वादों के निस्तारण से जनता का भरोसा बढ़ा : श्री अनिल कुमार प्रभारी जनपद न्यायाधीश
- हमारा दायित्व है कि हम लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निपटान करें : ट्रिब्यूनल जिला जज श्री संजय वीर सिंह

**गाजियाबाद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय परिसर, गाजियाबाद में श्रीमान अनिल कुमार-चतुर्थ, प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें श्री संजयवीर सिंह, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, श्री परवेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, श्री प्रमेन्द्र कुमार, विशेष न्यायाधीश सी०बी०आई०, श्री नीरज गौतम्, विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट / प्रभारी अधिकारी नजारत विभाग, श्री गौरव शर्मा, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत / स्पे० जज एससी/एसटी एक्ट एवं श्री कुमार मिताक्षर, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अन्य सम्मानित न्यायिक अधिकारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। लोक अदालत का शुभारम्भ दीपप्रज्जवलित कर किया गया। श्री अनिल कुमार प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद ने कहा कि लोक अदालत के दौरान प्रकरणों के निस्तारण से जनता का भरोसा बढ़ा है।इसके साथ ही अदालतों पर लंबित मामलों का बोझ भी घटा है। हमें लोक अदालत मामलों को सही तरीके से निस्तारण करना चाहिए। जिससे जनता का विश्वास भी बढ़ेंगा और जजों पर लंबित मामलों का बोझ भी घटेगा।







# आगामी 16 सितम्बर को डांडिया नाइट से आरंभ होगा श्री रामलीला महोत्सव

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** रामलीला समिति राजनगर (रजि० ) की ओर से आगामी 16 सितम्बर से डांडिया नाइट की धमक के साथ श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस मौके पर समिति के मुख्य संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा संस्था के अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता ने बताया कि 17 सितंबर को खाटू श्याम महोत्सव तथा 18 सितंबर को श्री गणेश पूजन एवं शोभा यात्रा के साथ रामलीला मेला भी आरंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम न सिर्फ हमारे आराध्य हैं बल्कि सनातन संस्कृति के आधार स्तम्भ भी हैं।उनका चरित्र सदियां बीत जाने के बाद भी आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।पुरानी पीढ़ी जहां श्रद्धा भाव से उनकी लीला का रसस्वादन लेती है वहीं नई पीढ़ी उनके चरित्र से प्रेरणा लेने का प्रयास करती है।उन्होंने बताया कि इस बार पहली बार समिति की ओर से एक स्मारिका का प्रकाशन भी कराया जाएगा। समिति के महामंत्री उअ दीपक मित्तल ने बताया कि गत वर्षों की भांति राजनगर रामलीला का मंचन इस वर्ष भी भव्य तरीके से किया जायेगा इस बार भी रामलीला का मंचन हाईटेक तरीके से किया जा रहा है।पहली बार सीता जी के जन्म का भी मंचन होगा। 19 सितंबर को सती मोह, शिव विवाह तथा नारद मोह के प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। 23 सितंबर को भगवान श्री राम की भव्य बारात पूरे राजनगर में निकाली जाएगी । विभिन्न सेक्टरों से होते हुए,राजनगर सेक्टर 10 के चौराहे पर श्री राम जानकी विवाह उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएग, तथा कन्यादान की रस्म की अदायगी होगी। 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर रावण दहन होगा। 3 तारीख को भरत मिलाप श्री राम राज्याभिषेक तथा भव्य आतिशबाजी होगी ।उसके अगले दिन 4 अक्टूबर को कवि सम्मेलन के साथ श्री रामलीला महोत्सव का समापन होगा।समिति के मेला प्रबन्धक एस एन अग्रवाल ने बताया कि मेले को आकर्षक बनाने के लिए तरह तरह के स्टाल लगाए जाएंगे तथा उच्च गुणवत्ता वाले खान-पान के स्टाल भी लगाए जा रहे हैं।बच्चों के लिए तरह तरह के झूले तथा खेलने के स्टाल भी लगेंगे।इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मुख्य संयोजक राकेश मिश्रा,पार्षद प्रवीण चौधरी, संस्थापक सदस्य नरेश सिंगल, संगठन मंत्री श्री अमरीश कुमार त्यागी व मुकेश मित्तल मुख्य सलाहकार अनिल कुमार ,आर एन पाण्डेय,स्वागत अध्यक्ष योगेश गोयल, सुभाष शर्मा,राजीव मोहन, बृजमोहन सिंहल,दिनेश शर्मा, सुन्दर लाल यादव, जी.पी. अग्रवाल, के. पी. गुप्ता,मोतीलाल गर्ग, दीपक सिंघल, विनोद गोयल,मनीष वशिष्ठ, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री रेखा अग्रवाल, सौरभ गर्ग, डा .आर के मित्तल, दीपककांत गुप्ता , आलोक मित्तल, जितेन्द्र रंधावा, मदन लाल हरित,ओमप्रकाश भोला, गोल्डी सहगल, विजय लुम्बा, उअ डीके गोयल सहित राजनगर के अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।